# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार
08 अप्रैल 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 39 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


# महंगी हुई रसोई गैस

## घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत रू 50 बढ़कर रू 853

नई दिल्ली । सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफे का एलान किया है। इस वृद्धि के साथ सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी। उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाला सिलेंडर 553 में रुपये में उपलब्ध होगा। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है।



### आपके शहर में 14.2 किग्रा के सिलेंडर का नया भाव क्या

| शहर | पुरानी कीमत (रू) | नई कीमत ( रू) |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 803.00 | 853.00 |
| कोलकाता | 829.00 | 879.00 |
| मुंबई | 802.50 | 852.50 |
| गुड़गाँव | 811.50 | 861.50 |
| नोएडा | 800.50 | 850.50 |
| भुवनेश्वर | 829.00 | 879.00 |
| चंडीगढ़ | 812.50 | 862.00 |
| हैदराबाद | 855.00 | 905.00 |

एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गई हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया। मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी। **शेष पेज 2 पर**

## हैंडबॉल चैंपियनशिपः सीएम योगी बोले- पांच साल में यूपी पुलिस में 500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भर्ती की



लखनऊ ।अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर चैंपियनशिप के शुभारंभ कार्यक्रम में सीएम योगी ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यूपी में खेलों के सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले पांच साल में यूपी पुलिस में 500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भर्ती की गई।

राजधानी लखनऊ में सोमवार को 35वीं वाहिनी पीएसी, महानगर में अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रीय स्तर की इस बड़ी प्रतियोगिता की मेजबानी करने के लिए उप्र स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड को बधाई भी दी।

सीएम योगी ने कहा कि किसी आयोजन में 1300 से अधिक खिलाड़ियों का जुटना बड़ी बात है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इस आयोजन का सफल समापन होगा। प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए काफी प्रयास कर रही है। पिछले पांच वर्षों में यूपी पुलिस में 500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भर्ती की गई है। प्रदेश में खेलों की सुविधाओं में लगातार इजाफा किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर हमारे प्रदर्शन में भी काफी सुधार आया है।

सीएम ने आगे कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश के हर जिले में प्रशिक्षण केंद्र खोले जा रहे हैं। जहां खिलाड़ियों को उच्च स्तर की ट्रेनिंग देकर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। जहां तक देश का अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रदर्शन का सवाल है तो पीएम मोदी की खेलो इंडिया योजना से खिलाड़ियों को काफी राहत मिली है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के प्रदर्शन में भी काफी सुधार आया है।

## लूट, वसूली, हेराफेरी... सब मोदी सरकार के पर्याय बन चुके हैं, एलपीजी दाम बढ़ने पर बोले खड़गे



नई दिल्ली। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि हम इस तरह की मूल्य वृद्धि का कड़ा विरोध करते हैं। यह लोगों पर बोझ है। केंद्र सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों के कारण जनविरोधी है। ये मूल्य वृद्धि 'रोटी, कपड़ा और मकान' से संबंधित वस्तुओं के लिए है। हम इसकी निंदा करते हैं।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को बताया कि रसोई गैस या घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। सब्सिडी वाले और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए कीमत में बढ़ोतरी की गई है। अब इसको लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि छढक्र्गैस सिलेंडर की ही कमी रह गई थी, मोदी जीङ्क । इस बार तो महँगाई का चाबुक उज्जवला की गरीब महिलाओं की बचत पर भी चल गया। **शेष पेज 2 पर**

## ट्रंप टैरिफ से भारतीय शेयर मार्केट में सुनामी

# निवेशकों के 20 लाख करोड़ डूबे

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार के लिए आज का दिन ह्यब्लैक मंडेह्व साबित हो रहा है। अमेरिका के शुल्क बढ़ाने और चीन की जवाबी कार्रवाई के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई है। सेंसेक्स और निफ्टी भी सोमवार को शुरूआती कारोबार में पांच प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए।

सोमवार सुबह शेयर बाजार में भारी गिरावट के चलते निवेशकों को बड़ा झटका लगा। सेंसेक्स में पांच फीसदी से अधिक की गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति में 20.16 लाख करोड़ रुपये की जबरदस्त कमी आई है।



बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 3,939.68 अंक या 5.22 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 71,425.01 अंक पर आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 1,160.8 अंक या 5.06 प्रतिशत फिसलकर 21,743.65 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल सभी 30 कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। टाटा स्टील का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक जबकि टाटा मोटर्स का शेयर सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहा।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी भारी नुकसान में रहे। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग करीब 11 प्रतिशत, जापान का निक्की 225 करीब सात प्रतिशत, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट छह प्रतिशत से अधिक और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी पांच प्रतिशत की गिरावट में रहा।

अमेरिकी बाजारों में भी शुक्रवार को भारी गिरावट दर्ज की गई थी। एसएंडपी 500 में 5.97 प्रतिशत, नैस्डैक कंपोजिट में 5.82 प्रतिशत और डॉव में 5.50 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 2.74 प्रतिशत लुढ़ककर 63.78 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,483.98 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

सेंसेक्स में पिछले सप्ताह 2,050.23 अंक या 2.64 प्रतिशत की गिरावट आई थी जबकि एनएसई निफ्टी 614.8 अंक या 2.61 प्रतिशत फिसला था।

## चीफ जस्टिस पर फूटा ममता बनर्जी का गुस्सा, कहा- मुझे जेल जाने की परवाह नहीं



पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के रूप में अपनी नौकरी खोने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कृपया यह मत समझिए कि हमने इसे स्वीकार कर लिया है। हम पत्थर दिल नहीं हैं, और ऐसा कहने के लिए मुझे जेल भी हो सकती है, लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में बर्खास्त शिक्षकों के एक वर्ग से मुलाकात की और उनका समर्थन करने की कसम खाई और आश्वासन दिया कि योग्य उम्मीदवार बेरोजगार नहीं रहेंगे। यह घटनाक्रम सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2016 के पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती के माध्यम से की गई 25,752 स्कूल नौकरियों की नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले को बरकरार रखने के कुछ दिनों बाद हुआ है।

**शेष पेज 2 पर**

## राहुल गांधी ने बिहार के बेगूसराय में की पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा

पटना। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बिहार के बेगूसराय जिले में सोमवार को कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा में शामिल हुए। सफेद टी-शर्ट पहने गांधी ने बेगूसराय शहर में पदयात्रा में भाग लिया।

इस दौरान कन्हैया कुमार और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजेश कुमार सहित कई पार्टी नेता भी उनके साथ मौजूद थे। कांग्रेस और उसकी छात्र एवं युवा शाखा के बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकताओं ने भी पदयात्रा में भाग लिया।

उन्होंने पार्टी के झंडे और तख्तियां लेकर रक्षा बलों में रिक्त पदों को तत्काल भरने की मांग की। इससे पहले



दिन में गांधी पटना से बेगूसराय पहुंचे, जहां जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राजेश कुमार और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया।

बाद में वह संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करने के लिए पटना लौटेंगे। इसके बाद वह पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करने के लिए पटना में बिहार कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम जाएंगे। यह जनवरी के बाद से गांधी का तीसरा बिहार दौरा है।

उन्होंने जनवरी में पार्टी कार्यकताओं से इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को वैचारिक रूप से पराजित करने का आग्रह किया था।

**शेष पेज 2 पर**

ट्रंप / टैरिफ ▪ इतना क्यों गिरा भारत का शेयर बाजारः

## कैसे ट्रंप के टैरिफ लगाने का फैसला एशिया पर डाल रहा ज्यादा असर, आगे क्या?

नई दिल्ली। ट्रंप के आयात शुल्क लगाने के फैसले का शेयर बाजारों पर इतना भीषण असर क्यों पड़ा है? कहां-कहां मार्केट में गिरावट देखी गई है? इसके अलावा यह असर अभी कितने दिन तक रह सकता है? इससे आम लोगों की जिंदगी पर किस तरह असर पड़ने की संभावना है? आइये जानते हैं...

भारत में सोमवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स पिछले बंद से करीब 4000 अंक नीचे रहा। हालांकि, बाजार बंद होने से पहले यह संभला और 2226 अंक नीचे गिरकर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी करीब 1100 अंकों का गोता लगाने के बाद 742 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार विशेषज्ञों ने इस गिरावट के बारे में



गुरुवार को ही चेतावनी जारी कर दी थी, जब ट्रंप ने दुनियाभर की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से आयात होने वाले अहम उत्पादों पर आयात शुल्क लगा दिया था। हालांकि, इसका असल असर सोमवार से दिखना शुरू हुआ है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि जापान से लेकर चीन तक, एशिया में सभी शेयर बाजारों में भारी बिकवाली का दौर देखा गया है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर ट्रंप के आयात शुल्क लगाने के फैसले का शेयर बाजारों पर इतना भीषण असर क्यों पड़ा है? कहां-कहां मार्केट में गिरावट देखी गई है? इसके अलावा यह असर अभी कितने दिन तक रह सकता है? इससे आम लोगों की जिंदगी पर किस तरह असर पड़ने की संभावना है? आइये जानते हैं...

**पहले जानें- भारत पर कितना भीषण रहा है ट्रंप के टैरिफ का असर?**

बीएसई का सेंसेक्स ने सुबह खुलने के बाद सीधा 3900 से ज्यादा अंकों का गोता लगाया। यह पिछले बंद से करीब 5.22 फीसदी की गिरावट थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान भारत के शेयर बाजार से निवेशकों का करीब 20 लाख करोड़ रुपया साफ हो गया। हालांकि, शाम आते-आते सेंसेक्स थोड़ा संभला और यह गिरावट 2226 अंकों के पहुंच गई। वहीं, निवेशकों की जमा पूंजी में गिरावट भी 14 लाख करोड़ के करीब आ गई।

**शेष पेज 2 पर**

# दिल्लीवासियों को इस सुविधा के लिए देना होगा चार्ज, केंद्र सरकार के कानून के तहत उठाया गया कदम

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली। 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में लगभग 43 लाख घर हैं और आबादी करीब 192 लाख थी, लेकिन बीते 14 वर्षों में यह आंकड़ा तेजी से बढ़ा है और अब दिल्ली की आबादी तीन करोड़ के करीब मानी जा रही है।

राजधानी के निवासियों को अब अपने घर के कूड़े का यूजर चार्ज देना होगा। दरअसल एमसीडी ने केंद्र सरकार के नौ साल पहले बनाए कानून के तहत कूड़ा उठाने के बदले यूजर चार्ज वसूलने का फैसला किया है। वह व्यावसायिक परिसरों से ही नहीं, बल्कि रिहायशी परिसरों से भी यह चार्ज लेगी। उसने वर्तमान वित्तीय वर्ष से यह चार्ज वसूलने की शुरूआत कर दी है। एमसीडी ने अपने आर्थिक संकट से उबरने के लिए यह कदम उठाया है।

दिल्ली में रहने वाले लोगों को अपने मकान के आकार के अनुसार



सालाना यूजर चार्ज देना होगा। एमसीडी ने यह चार्ज संपत्ति कर विभाग के माध्यम से वसूलने का निर्णय लिया है और इसे संपत्ति कर के साथ जोड़ दिया गया है। खास बात यह है कि इसे प्रति माह के बजाय पूरे वर्ष का एकमुश्त लिया जाएगा, इसकी जानकारी एमसीडी ने पहले सार्वजनिक रूप से नहीं दी थी, मगर हाल ही में जब एमसीडी का संपत्ति कर जमा करने का पोर्टल चालू हुआ तो लोगों को इस चार्ज के बारे में पता चला, जिसके बाद आम लोगों से लेकर राजनीतिक गलियारों तक में हड़कंप मच गया।

केंद्र सरकार के कानून के तहत 50 वर्गमीटर तक के मकान पर 50 रुपये प्रति माह, 50 से 200 वर्गमीटर तक के मकान पर 100 रुपये प्रति माह और 200 वर्गमीटर से अधिक बड़े मकान पर 200 रुपये प्रति माह यूजर चार्ज तय है, लेकिन एमसीडी की ओर से इसे सालाना रूप में जोड़ दिया है। दरअसल वह संपत्ति कर एक साल का एक बार में लेती है। इस कारण पोर्टल पर 100 वर्गमीटर के मकान पर सीधे 5000 रुपये की मांग की जा रही है, जो तय राशि से कई गुना अधिक है। इस बारे में शिकायत मिलने पर एमसीडी जांच कर रही है।

एमसीडी के अनुसार, यह कदम इसलिए जरूरी है क्योंकि दिल्ली में हर दिन लगभग 11,000 मीट्रिक टन से अधिक कूड़ा निकलता है, जिसे संभालने के लिए संसाधनों की भारी जरूरत है। उसका कहना है कि 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में लगभग 43 लाख घर हैं और आबादी करीब 192 लाख थी, लेकिन बीते 14 वर्षों में यह आंकड़ा तेजी से बढ़ा है और अब दिल्ली की आबादी तीन करोड़ के करीब मानी जा रही है। दिल्ली के 12 जोन और 250 वार्डों में फैली कॉलोनियों से निकलने वाले कूड़े के प्रबंधन में होने वाला खर्च एमसीडी के लिए एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में उसका कहना है कि यह यूजर चार्ज जरूरी है ताकि साफ-सफाई की व्यवस्था को बनाए रखा जा सके।

# मयूर विहार फेज-1 स्टेशन से युवक ने लगाई छलांग, कूदने से पहले आधे

दिल्ली। रेलवे के डीसीपी केपीएस मल्होत्रा के अनुसार, घायल युवक की पहचान 45 वर्षीय विक्रम शर्मा के तौर पर हुई है। वह कटवारिया सराय का रहने वाला है। नीचे कूदने से पहले वह आधे घंटे तक रेलिंग पकड़कर लटका रहा।

यमुनापार के मयूर विहार फेज-1 मेट्रो स्टेशन पर सोमवार दोपहर एक व्यक्ति ऊंचाई से नीचे सड़क पर कूद गया। वह कूदने से पहले आधे घंटे तक रेलिंग से लटका रहा। इस बीच वहां लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। कूदने से घायल हुए युवक को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल हालत गंभीर बनी हुई है।

रेलवे के डीसीपी केपीएस मल्होत्रा के अनुसार, घायल युवक की पहचान 45 वर्षीय विक्रम शर्मा के तौर पर हुई है। वह कटवारिया सराय का रहने वाला है। नीचे कूदने से पहले वह आधे घंटे तक रेलिंग पकड़कर लटका रहा। यह घटनाक्रम देख वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही दिल्ली मेट्रो पुलिस, सीआईएसएफ और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। दमकल की क्रेन और रस्सी के सहारे उसे बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन युवक ने छलांग लगा दी। उसे एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस को युवक के पास से एक पर्ची बरामद हुई, जिस पर परिवार का मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। पुलिस ने फोन कर परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि विक्रम आत्महत्या करने के इरादे से ही मयूर विहार मेट्रो स्टेशन पहुंचा था। वह आत्महत्या करने के लिए रेलिंग से लटक गया। विक्रम गुरुग्राम की एक कंपनी में काम करता है। परिवार में एक बेटा व एक बेटी है। मेट्रो स्टेशन से छलांग लगाने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।



# पहले पी शराब, फिर अंडा छीलकर खाया, मेट्रो में इस शख्स ने नियमों की उड़ाई धज्जियां, देखें वीडियो

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो के अंदर से एक वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो में एक शख्स मेट्रो कोच के अंदर बैठा हुआ है और वहीं सीट पर बैठे हुए पब्लिक में शराब और अंडा खा रहा है।

दिल्ली मेट्रो के अंदर से एक वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे पहले आपने डांस, फाइट और खुलम-खुल्ला प्यार के वीडियो देखे होंगे। लेकिन वहां एक शख्स डीएमआरसी के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है। वायरल वीडियो में ये शख्स शराब के साथ अंडे खा रहा है।



एक्स पर एक शख्स ने इस वीडियो को साझा किया है। वीडियो कब और किसी मेट्रो लाइन का है। इसके बारे में जानकारी नहीं मिली है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पहले ये शख्स आरक्षित सीट पर बैठा हुआ है। जिसने पैंट और शर्ट पहन रखी है। सबसे पहले ये शख्स अपने बैग से अंडा निकालता है। अंडे को छीलने के लिए मेट्रो में पकड़ने वाले रॉड पाइप से अंडे को छीलता है।

इसके बाद शराब का गिलास तैयार करता है। लेकिन इसके सामने बैठे किसी शख्स ने इसकी इस करतूत को कैमरे में कैद कर लिया। शराब और अंडा तैयार होने के बाद ये शख्स चाव से इसे खाता है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।


# सफाई के लिए अब सीवर में नहीं उतरेंगे श्रमिक, दिल्ली सरकार लाई अत्याधुनिक री-साइक्लर मशीन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

दिल्ली। इसके लिए दिल्ली सरकार ने मुंबई से अत्याधुनिक रि-साइक्लर मशीन मंगवाई है। इसका रविवार को ग्रेटर कैलाश में सफल ट्रायल किया गया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सीवर की सफाई के लिए एक-एक मशीन रखी जाएगी।

सफाई के लिए अब श्रमिकों को सीवर में नहीं उतरना पड़ेगा। इसके लिए दिल्ली सरकार ने मुंबई से अत्याधुनिक रि-साइक्लर मशीन मंगवाई है। इसका रविवार को ग्रेटर कैलाश में सफल ट्रायल किया गया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सीवर की सफाई के लिए एक-एक मशीन रखी जाएगी। मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने और सीवर की सफाई को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## मशीन की विशेषताएं



सीवर से कीचड़ और गंदे पानी को एक साथ खींचती है

खींचे गए पानी को मशीन में ही शुद्ध किया जाता है और जेटिंग के लिए दोबारा इस्तेमाल किया जाता है

पानी की खपत कम होती है और अतिरिक्त पानी के टैंकरों की जरूरत नहीं पड़ती

मशीन एक ही यूनिट में फिट हो जाती है, जिससे संचालन के लिए कम जगह की जरूरत पड़ती है

मंत्री प्रवेश वर्मा ने भी मशीन का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मानसून में दिल्ली की सड़कें पानी में डूब जाती हैं और कई बार बरसाती पानी लोगों के घरों में भी घुस जाता है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि सीवर और नालों की डीसिल्टिंग 10-20 साल से नहीं हुई है।

मानसून से पहले इस समस्या के समाधान के लिए अत्याधुनिक मशीनें मंगवाने की शुरुआत की गई है। सरकार का प्रयास है कि किसी भी श्रमिक को सीवर में न उतरना पड़े। इसके लिए देश-दुनिया से जो भी अत्याधुनिक तकनीक की जरूरत होगी उसे लाएंगे। मुंबई में ऐसी 100 मशीनें काम कर रही हैं और गुजरात में भी 30 मशीनें उपयोग में हैं। दिल्ली में पहली बार ऐसा किया जा रहा है। इसके अलावा पिछले हफ्ते 32 सुपरसकर मशीनों (वैक्यूम ट्रक) की खरीद के आदेश दिए गए हैं।

# पेज एक का शेष...

## महंगी हुई रसोई गैस

सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी।

पुरी ने कहा, आपने वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना देखी होगी जिसमें कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपये की बढ़ोतरी की जा रही है। मैं पहले ही स्पष्ट कर दूं कि इसका बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा।

मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, "एलपीजी के प्रति सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि होगी। 500 से यह 550 (पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए) हो जाएगी और अन्य के लिए यह 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी। यह एक ऐसा कदम है जिसकी हम आगे समीक्षा करेंगे। हम हर 2-3 सप्ताह में इसकी समीक्षा करते हैं। इसलिए, आपने जो उत्पाद शुल्क में वृद्धि देखी है, उसका बोझ पेट्रोल और डीजल पर उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। उस उत्पाद शुल्क वृद्धि का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों को 43,000 करोड़ रुपये की भरपाई करना है। जो उन्हें गैस के कारण नुकसान के रूप में हुआ है...

कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत घटकर लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल हो गई है, लेकिन कृपया याद रखें कि हमारी तेल विपणन कंपनियां 45 दिनों की अवधि के लिए स्टॉक रखती हैं। अगर आप जनवरी की बात करें तो उस समय कच्चे तेल की कीमत 83 डॉलर थी, जो बाद में घटकर 75 डॉलर हो गई। इसलिए उनके पास जो कच्चे तेल का स्टॉक है, वह औसतन 75 डॉलर प्रति बैरल है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि तेल विपणन कंपनियां वैश्विक कीमत के हिसाब से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी करेंगी।

## लूट, वसूली, हेराफेरी... सब मोदी सरकार के पर्याय बन चुके हैं, एलपीजी दाम बढ़ने पर बोले खड़गे

उन्होंने आरोप लगाया कि लूट, वसूली, हेराफेरी सब मोदी सरकार के पर्याय बन चुके हैं।

टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि हम इस तरह की मूल्य वृद्धि का कड़ा विरोध करते हैं। यह लोगों पर बोझ है। केंद्र सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों के कारण जनविरोधी है। ये मूल्य वृद्धि 'रोटी, कपड़ा और मकान' से संबंधित वस्तुओं के लिए है। हम इसकी निंदा करते हैं। पिछले सप्ताह, वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 41 रुपये की कमी की गई थी। मूल्य संशोधन ने रेस्तरां, होटल और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को प्रभावित किया जो दैनिक कार्यों के लिए इन सिलेंडरों का उपयोग करते हैं।

आज ही पहले सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर अपना उत्पाद शुल्क भी बढ़ा दिया है, हालांकि, इस बढ़ोतरी का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा और इसका बोझ तेल विपणन कंपनियों द्वारा उठाया जाएगा। एक आधिकारिक आदेश में बताया गया कि पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 13 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि शुल्क में वृद्धि अप्रैल 2025 की 8 तारीख को लागू होगी।

## चीफ जस्टिस पर फूटा ममता बनर्जी का गुस्सा, कहा- मुझे जेल जाने की परवाह नहीं

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के रूप में अपनी नौकरी खोने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कृपया यह मत समझिए कि हमने इसे स्वीकार कर लिया है। हम पत्थर दिल नहीं हैं, और ऐसा कहने के लिए मुझे जेल भी हो सकती है, लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है। ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बंगाल की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने की साजिश बताया है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास यह सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग योजनाएँ हैं कि पात्र उम्मीदवार बेरोजगार न हों या उनकी सेवा में कोई बाधा न आए। मेरा नाम ऐसी चीज में घसीटा जा रहा है जिसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। शीर्ष अदालत के 3 अप्रैल के फैसले में भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और धोखाधड़ी का हवाला दिया गया था, जिसके कारण हजारों शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया था। ममता बनर्जी ने अदालत के फैसले का पालन करने की कसम खाई है, लेकिन उन्होंने इस फैसले को योग्य उम्मीदवारों के लिए अन्यायपूर्ण बताया। बर्खास्त शिक्षकों में से एक यास्मीन परवीन ने कार्यक्रम स्थल के बाहर कहा कि हम एक ऐसी व्यवस्था के शिकार हैं, जिसमें हेरफेर करने में हमारा कोई हाथ नहीं था।" "हमें अपनी नौकरी वापस चाहिए।

## राहुल गांधी ने बिहार के बेगूसराय में की ह्यपलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा

रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर एक मिनट का वीडियो संदेश साझा किया जिसमें उन्होंने बिहार के युवाओं से सफेद टी-शर्ट पहनकर मार्च में शामिल होने का आग्रह किया।

उन्होंने वीडियो में कहा, हमारा उद्देश्य बिहार के युवाओं की दुर्दशा की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित करना है। ये युवा देख रहे हैं कि सरकारी नौकरियां दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही हैं और निजीकरण से कोई लाभ नहीं हो रहा। अपने अधिकारों के लिए सरकार पर दबाव बनाने और उसे (सत्ता से) हटाने के लिए आवाज उठाएं।

राज्य में विधानसभा चुनाव कुछ ही महीनों बाद होने हैं। इन चुनावों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और वाम दलों वाले महागठबंधन का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से है। सत्तारूढ़ राजग में जनता दल (यूनाइटेड) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शामिल हैं।

बेगूसराय कन्हैया कुमार का गृह जिला भी है। वह पिछले महीने पूर्वी चंपारण जिले से शुरू हुई पदयात्रा में आकर्षण का केंद्र रहे हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कुमार ने 2019 का लोकसभा चुनाव भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के टिकट पर बेगूसराय सीट से लड़ा था लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

## कैसे ट्रंप के टैरिफ लगाने का फैसला एशिया पर डाल रहा ज्यादा असर, आगे क्या?

आंकड़ों के लिहाज से बात करें तो भारत में एक दिन में यह शेयर मार्केट की पांच सबसे बड़ी गिरावटों में से है। भारत का शेयर बाजार सोमवार को 2.95 फीसदी गिरा।

भारत के अलावा और किन देशों में मार्केट का रहा बुरा हाल?- मार्केट विश्लेषकों ने पहले ही एलान किया था कि सोमवार का दिन ब्लैक मंडे हो सकता है। यानी इस दिन शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की जा सकती है। हुआ भी कुछ ऐसा ही। दुनिया में सबसे पहले खुलने वाले पूर्व में स्थित देशों (एशिया) में शेयर बाजार के खुलने के साथ ही बड़ी गिरावट दर्ज की गई। आलम यह रहा कि चीन के शंघाई से लेकर जापान के टोक्यो और ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से लेकर दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार तक में जबरदस्त बिकवाली का दौर देखा गया। बाजार में इस दिन को 'ब्लडबाथ' तक कहा गया है।

ट्रंप के टैरिफ का इतना बुरा असर क्यों?- गौरतलब है कि एशिया के अधिकतर देश अहम उत्पादकों में रहे हैं। चीन से लेकर वियतनाम और भारत से लेकर बांग्लादेश तक की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा देश में निर्मित उत्पादों के निर्यात पर निर्भर है। एशिया के अधिकतर देशों के लिए अमेरिका एक बड़ा मार्केट है। हालांकि, ट्रंप की तरफ से आयात शुल्क लगाने के फैसले से इन देशों के निर्यात पर असर पड़ने की संभावना है। दरअसल, अमेरिका जिन देशों से आयात करता रहा है, अब वहां के उत्पाद खरीदने के लिए अमेरिकी नागरिकों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। इसकी वजह है बढ़े हुए आयात शुल्क, जो कि इनकी मूल कीमतों के ऊपर जुड़े हैं। ऐसे में एशिया के निर्यातक देशों पर टैरिफ का असर सबसे ज्यादा पड़ रहा है।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मामले के पूर्व उप मंत्री रहे फ्रैंक लाविन के मुताबिक, ट्रंप के टैरिफ का सबसे ज्यादा असर एशियाई बाजारों पर ही दिखने की संभावना है, क्योंकि यहां के बाजार अमेरिका को सबसे ज्यादा निर्यात करते हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि शेयर बाजारों पर पड़ने वाले इस नकारात्मक प्रभाव की खबरों के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार देर रात कहा कि बाजारों को 'दवा' लेने की जरूरत है।

: शेयर बाजार में गिरावट पर कांग्रेस हमलावर, कहा- मोदी और ट्रंप अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने में माहिर

अमेरिका में मंडराया मंदी का खतरा?

दुनियाभर में शेयर बाजारों के गिरने के साथ-साथ खुद अमेरिका में मंदी के आसार जताए जाने लगे हैं।

अमेरिका के सबसे बड़े बैंकों में से एक जेपी मॉर्गन ने अनुमान लगाया है कि अब देश में मंदी की आशंका 60 फीसदी तक पहुंच चुकी है।

गोल्डमैन सैक्स ने भी अनुमान लगाया है कि अमेरिका में अगले 12 महीने में मंदी की आशंका अब पहले के 35% से बढ़कर 45% पर आ गई है।

: वॉल स्ट्रीट के लड़खड़ाने के बाद एशियाई बाजारों की फूली सांस; जापान, कोरिया और ऑस्ट्रेलिया में बुरा हाल

क्या भारत भी अमेरिका पर जवाबी आयात शुल्क लगा सकता है?

भारत अपनी बातचीत के जरिए समझौते करने की नीति के लिए जाना जाता है। अगर भारत को कोई कार्रवाई करनी होती तो वह पहले ही इस तरफ काम शुरू कर देता। लेकिन भारत के मामले में हमने देखा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान हमने अपना स्टैंड निष्पक्ष (न्यूट्रल) रखा। भारत को पता है कि जब कभी लड़ाई होती है तो हमें झुकना भी पड़ता है या कदम पीछे भी खींचने होते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भी भारत को बाद में इसका फायदा मिला और हमारी जीडीपी लगातार स्थिर रही है।

भारत ने अमेरिका की तरफ से पारस्परिक टैरिफ लगाने के एलान से पहले कुछ नीतियां बदली हैं। ऐसे में भारत जवाबी कार्रवाई की जगह, अमेरिका से बातचीत कर समझौते की कोशिश करेगा, ताकि हमारे उद्योगों पर प्रभाव तो भले ही पड़े, लेकिन ज्यादा असर न हो।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में सीपीआर एवं पर्यावरण कार्यक्रम आयोजित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मेरठ में कार्यरत डॉक्टरों द्वारा संचालित सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने और बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम जागृत करने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम हरीतिमा पर्यावरण संस्थान द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें पौधारोपण इसमें १५ फलदार पौधे ट्री गार्ड मैं स्कूल परिसर में लगाए जाएंगे। जिससे कि उचित संख्या में



बच्चों को पौष्टिक आहार के बारे में सचेत करा जाएगा। फल सब्जी, पत्तेदार सब्जियां खाने के लिए प्रेरित करने के अलावा जंक फूड न खाने के लिए बताया जाएगा । वृक्षारोपण से वायु प्रदूषण के प्रति जागरूक किया जाएगा ।

दूसरी तरफ एमपीएस स्कूल कैंट में आयोजित सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। आईएमए के डॉक्टरों की टीम ने छात्रों के साथ संवाद, प्रश्नोत्तर सत्र और स्वास्थ्य संबंधी व्यवहारिक सुझावों को प्रमुखता दी गई जिससे उन्हें अपनी और दूसरों की सेहता का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रमों में डॉक्टर संदीप गर्ग, डॉक्टर परमवीर सिंह चौहान, डॉक्टर शुभम जैन आदि ने अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त किये।

# चेतना मंच सेवा समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। छपरौली क्षेत्र के गाँव ककौर कलां में राष्ट्रीय उपाध्याय योगी चेतना मंच सेवा समिति संगठन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संजय उपाध्याय को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाने के साथ प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह व नगद धन राशि देकर सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखण्ड, दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के आये पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को शुभकामनायें देते हुए उपहार भेंट किये। विभिन्न प्रदेशों से आये अतिथियों को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय एवं प्रदेश अध्यक्ष रामफल उपाध्याय ने पटका, पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सभा को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने कहा संगठन समाज के उत्थान के लिए वचनबद्ध है। सम्पूर्ण भारतवर्ष में हम अपनी इकाईयों का गठन कर उपाध्याय योगी समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए उनकी आवाज को बुलंद करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष रामफल उपाध्याय ने कहा उत्तर प्रदेश के जनपद बागपत की धरती से राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा होना हमारे लिए गर्व की अनुभूति है। यह अनुभूति हमें पूर्ण समर्पण भाव से समाज कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करेंगी। समाजसेवी आर०आर०डी० उपाध्याय ने कहा कि आसमान की उचाईयों को छूने के लिए शिक्षा ही सबसे बडा यंत्र है और व्यक्तितव के निर्माण के लिए संस्कारों से पोषित होना अति आवश्यक है। क्योंकि संस्कारों के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं है।

सभा को डी०पी०भारद्वाज, आर०आर०डी० उपाध्याय, राष्ट्रीय महासचिव विजय उपाध्याय, प्रिया उपाध्याय ने सम्बोधित किया। सभा की अध्यक्षता विजय कुमार उपाध्याय एवं संचालन सुनील कुमार आर्य व अमित कुमार हुड्डा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ब्रिजेश योगी, अशोक योगी, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष जलसिंह योगी, वीरेन्द्र गोस्वामी, मांगेराम उपाध्याय, सुरेश उपाध्याय, धर्मवीर योगी, रीता उपाध्याय, राजकुमार गोस्वामी, ओमबाबू गोस्वामी, आशीष उपाध्याय, डॉ० मुनेश उपाध्याय, वंदना उपाध्याय, कविता उपाध्याय, मास्टर रविकुमार उपाध्याय, अरविन्द उपाध्याय, डॉ० रामकुमार, राजू पहलवान, अंकित, संजीव उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर समझाने पर बैरंग लौट गए भाजपा महानगर अध्यक्ष

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद। बीजेपी महानगर अध्यक्ष बने गिरीश भंडूला को जुम्मा-जुम्मा अभी पखवाड़ा ही बीता है। आज जब उन्हें जानकारी हुई मझौला स्थित नवीन मंडी परिसर के अतिक्रमणकारी कारोबारियों को बेदखल करने के लिए धाकड़ सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव मय फोर्स के साथ बुलडोजर लेकर पहुंची हैं और व्यापारियों को अल्टीमेटम दे रही हैं। इसके बाद नवनियुक्त बीजेपी महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला भी अपने पूरे लाव लश्कर के साथ नवीन मंडी परिसर जा धमके और सिटी मजिस्ट्रेट से बुलडोजर की कार्रवाई रोक देने को कहा। मगर जब सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक ने उन्हें कायदे से समझाया तो फिर क्या था? वह चुपके से निकल लिये और सिटी मजिस्ट्रेट की कार्रवाई का बुलडोजर अतिक्रमणकारी कारोबारियों पर कहर बनकर टूट पड़ा। और दोपहर बाद से ही बुलडोजर लगातार अपना काम कर रहा है।



**आज सुबह पहले एनाउंस करवाया**

मुरादाबाद के मझोला स्थित नवीन मंडी परिसर में आज अतिक्रमण हटाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट मय फोर्स के साथ बुलडोजर लेकर पहुंच गई हैं। सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से पहले अनाउंस कराया गया। लोग अपना अतिक्रमण स्वतः हटा लें। वरना बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया जाएगा। इस आदेश के बाद कारोबारियों ने अपना अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है।

**सिटी मजिस्ट्रेट ने अतिक्रमण हटाने की दी मोहलत**

दोपहर एक बजे तक तक बुलडोजर की कार्रवाई शुरू नहीं की गई थी। सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से कारोबारियों को अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी गई है और पूरे मंडी परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट की गाड़ी घूम घूम कर अतिक्रमण हटाए जाने संबंधी सूचना से व्यापारियों को अवगत करवाय

यहां बता दे बीते दिनों मंडी समिति में अवैध अतिक्रमण संबंधी मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था और शासन स्तर तक पूरी बात पहुंचाई गई थी। इसके बाद शासन ने मंडी निदेशक को पत्र लिखकर प्रदेश की सभी मंडियों को कब्जा मुक्त कराने का आदेश जारी किया। फलस्वरूप मुरादाबाद का मंडी प्रशासन और मंडी सचिव हरकत में आए। तब से कार्रवाई लगातार अतिक्रमणकारियों के खिलाफ जारी है।

# फीस वृद्धि और महंगी किताबों के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। फीस वृद्धि और महंगी किताबों के विरोध में सौंपा ।

स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया और अभिभावक फीस वृद्धि व महंगी किताबों से परेशान हैं। इसको लेकर रोहिलखंड अभिभावक सेवा समिति ने कलेक्ट्रेट में पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। समिति ने अपने ज्ञापन में कहा है कि सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के स्कूलों द्वारा ज्यादा फीस लेने से अभिभावक परेशान हैं। इस बार फिर से करीब 15 प्रतिशत फीस बढ़ाई गई है, जो पांच प्रतिशत से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। निजी स्कूल हर साल बच्चों का पाठ्यक्रम बदल देते हैं, जिससे अनावश्यक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने इसे तीन साल में करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि अभिभावकों को प्रधानाचार्य से मुलाकात करने का समय भी नहीं दिया जाता, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। आरोप लगाया कि पुस्तक विक्रेता प्रिंट रेप पर किताबें बेचते हैं, जो सरासर अनुचित है। ज्ञापन देने वालों में विशाल मेहरोत्रा, शोभित सक्सेना, रामकृष्ण शुक्ला, हैदर अली, नितेश कपूर आदि शामिल रहे।

# . मनोज बिश्नोई बने यूटा उत्तर प्रदेश के नए प्रदेश अध्यक्ष, भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई का एलान

**सुरेंद्र मलानिया**

बागपत। यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन (यूटा) उत्तर प्रदेश को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत पटेरिया ने डॉ. मनोज बिश्नोई को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र जारी होते ही सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता लग गया।

डॉ. मनोज बिश्नोई ने अपनी नियुक्ति के बाद कहा कि उत्तर प्रदेश में व्याप्त शिक्षा क्षेत्र के भ्रष्टाचार पर यूटा अब पैनी नजर रखेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति को आगे बढ़ाते हुए डॉ. बिश्नोई ने ऐलान किया कि जहां-जहां भ्रष्टाचार व्याप्त है, वहां उसकी जड़ें खोदने का काम यूटा करेगा।

₹भ्रष्टाचारियों को पहले चेतावनी दी जाएगी और फिर भी अगर वे बाज नहीं आए तो उन्हें सीधे जेल भेजा जाएगा,₹ डॉ. बिश्नोई ने सख्त लहजे में कहा।



उन्होंने बताया कि जल्द ही प्रदेश के सभी 75 जिलों में यूटा की जिला कार्यकारिणी गठित की जाएगी, जो स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

डॉ. बिश्नोई के नेतृत्व में पूर्व में भी सैकड़ों भ्रष्टाचारियों को रंगे हाथ पकड़वाकर जेल भेजने का रिकॉर्ड रहा है। अब प्रदेश स्तर पर यूटा को सक्रिय करते हुए वे शिक्षा जगत में पारदर्शिता और न्यायपूर्ण व्यवस्था लाने के लिए संकल्पित हैं।

उनकी नियुक्ति की खबर रात में आते ही व्हाट्सएप ग्रुपों, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो गई। वकील चंद जैन, परवीन शास्त्री, नीरज वत्स, उज्ज्वल नागेंद्र सैनी, डॉ. महेश कुमार मुछाल, संदीप कुमार शर्मा, हरेंद्र तोमर, राजीव तोमर, परमिंदर, नितिन कुमार, अमित निर्वाल, जय गिरी गोस्वामी और अमित खेवाल सहित विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने डॉ. बिश्नोई को बधाई दी।

डॉ. बिश्नोई ने सभी शुभचिंतकों का आभार जताते हुए कहा कि वे यूटा के विस्तार एवं भ्रष्टाचार मुक्त शिक्षा प्रणाली के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# भारतीय जैन मिलन का सदस्य होना गौरव की बात : मनोज कुमार जैन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बागपत। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पदाधिकारियो के द्वारा एक नई शाखा युवा जैन मिलन बड़ौत की स्थापना की गई। इसमें मौजूद सभी पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में भारतीय जैन मिलन के इतिहास से सभी को अवगत कराया।

राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतिवीर मनोज कुमार जैन ने भारतीय जैन मिलन के कार्यप्रणाली की संपूर्ण जानकारी दी ओर कहा कि हमे जैन मिलन का सदस्य होने पर भी गौरवान्वित महसूस करना चाहिए। नवनिर्वाचित पदाधिकारी जो चुने गए उसमें युवावीर सिद्धांत जैन जे पी स्वीट्स अध्यक्ष, युवावीर अक्षय जैन सुमत उद्योग कार्यकारी अध्यक्ष, युवावीर आकाश जैन रविन्द्र प्रोविजन स्टोर मंत्री, युवावीर अनन्त जैन सैनेट्री वाले कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने की घोषणा की, जिसका सभी ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया। सभी नवनियुक्त कार्यकारिणी के सदस्यों का वहां पर मौजूद पदाधिकारियों ने माला व पटका पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने वहां पर पधारे सभी पदाधिकारियों को माला व पटका पहनाकर स्वागत किया। सभा को अरिहंत जय जय की स्तुति के साथ विराम दिया गया।

# विधायक सुरेश्वर सिंह ने भूमि पूजन कर किया सड़क व पुल का किया शिलान्यास

महसी बहराइच। महसी विधान सभा के औराही जगीर गांव में सोमवार शाम भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने 2876.63 लाख की लागत से हरदी गौरा से गलकारा तक सड़क व महसी टेपरा में पुल के निर्माण का शिलान्यास किया। विधायक ने विधि विधान से भूमि पूजन के बाद शिलापट्ट से परदा हटाकर निर्माण कार्य की शुरूवात कराई। महसी विधायक सुरेश्वर सिंह से ग्रामीण काफी दिनों से इस मार्ग के निर्माण कराए जाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए विधायक सुरेश्वर सिंह ने इस मार्ग का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा। विधायक के प्रस्ताव पर शासन ने हरदी गौरा से गलकारा तक 10.40 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण व उच्चीकरण को मंजूरी प्रदान की। शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग बहराइच के प्रांतीय खंड को इस सड़क के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई। सोमवार को विधायक सुरेश्वर सिंह ने विधि विधान से भूमि पूजन किया। इसके बाद शिलापट्ट से परदा हटाकर सड़क के निर्माण का शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने बताया यह सड़क जर्जर हो गई थी। गड्ढे बन गए थे। चलने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। सड़क के निर्माण के बाद भगवानपुर, हरदी गौरा, घूमनी, नथुवापुर, लोधपुरवा, सिकंदरपुर, सिसैया, मक्कापुरवा, बग्गर, औराही, जगीर, गलकारा, पूरे सीताराम सहित 50 से अधिक गांवों की एक लाख की आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी। यहां से गुजरने वाले राहगीरों का आवागमन सुगम हो जाएगा। इस सड़क के चौड़ीकरण से भगवानपुर से महसी, नानपारा व नेपाल तक जाने में आसानी होगी। दूरी भी कम पड़ेगी और समय कम लगेगा। विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि सभी गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ा जा रहा है। विधानसभा में सड़कों के बनने से गांव विकास करेंगे वहीं लोगों को ब्लाक व जिला मुख्यालय तक पहुंचने में आसानी होगी। क्षेत्रीय किसानों को अपनी उपज लाने ले जाने में भी आसानी होगी। हमारी सरकार में सबसे ज्यादा सड़कें बनाई गई हैं और बराबर बनाईं जा रही हैं। हर घर तक पक्की सड़क पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के नागरिकों को सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश में प्रतिदिन 11 किलोमीटर सड़कों का निर्माण व नौ किलोमीटर सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है। वर्ष 2017 से लेकर अभी तक आठ वर्षों में 32,074 किलोमीटर ग्रामीण मार्गों का नवनिर्माण किया गया है। जबकि 25,000 किलोमीटर सड़कों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण किया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने आठ वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों की शहरी क्षेत्रों के साथ बेहतर कनेक्टिविटी बनाने के लिए हर वर्ष औसतन 4,076 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण कराया है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के 3,184 किलोमीटर मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों तक यातायात सुगम हुआ और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। इस मौके पर नानपारा चीनी मिल के निदेशक अखंड प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय,भाजयुमो जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित, संजय त्रिवेदी, दिवाकर पांडेय,सर्वजीत सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, अभिजीत मिश्रा, रामकुमार बाजपेई, विद्याधर बाजपेई, योगी सिंह,धीरेन्द्र प्रताप सिंह बेटू,गौरव सिंह चौहान, लोकनिर्माण विभाग के सहायक अभियंता अनुपम कुमार, अवर अभियंता पंकज सिंह, विशद सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नटराज आर्ट ने किया 117वें इवेंट का शानदार आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बागपत। नटराज आर्ट और बेटियां फाउंडेशन ने मिलकर 117 वें इवेंट का शानदार आयोजन किया। इसमे बागपत से भी काफी लोगों ने शिरकत की।

कार्यक्रम में संजय कुमार आईपीएस ऑफिसर डीजीपी रैंक ने चीफ गेस्ट व डॉ नीरज कुमार गुप्ता प्रोड्यूसर एक्टर ने सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मेकअप कंपटीशन, मॉडल कांटेस्ट, सिंगिंग कंपटीशन व ग्रेट इंडियन अवार्ड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिद्धेश जाधव इंटरनेशनल जूरी मिस स्नेहा शालू मेकओवर मीनाक्षी खन्ना सुवर्णलता मुम्बई सुचित्रा कौल प्राची कांगड़ा जूरी रहे। कार्यक्रम में शालू मेकओवर राधा भाटी एवं नीरज सिंह



अज्जू मेकओवर ने लाइव मेकअप सेमिनार दिया। मेकअप कंपटीशन में नेहा गुप्ता प्रथम छवि मेकओवर ने द्वितीय व मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मॉडलिंग कंपटीशन की मिसेज कैटेगरी में जस्मीन विनर रही, ममता शर्मा फर्स्ट रनर अप व मीनल सिंह फौजदार सेकेंड रनर अप रही। मिस कैटेगरी की विनर खुशी रही, विभा फर्स्ट रनर अप व शेरोंन सेकेंड रनरअप रही। किड्स कैटेगरी में विधि चेतन जलगांव महाराष्ट्र विरन रहे, खुशी फर्स्ट रनरअप रही। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को माला, पटका पहनाकर, प्रतीक चिन्ह व ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉक्टर रमेश अग्रवाल का जन्मदिन भी सेलिब्रेट किया गया। नटराज क्लब के अध्यक्ष लक्की कश्यप ने दिन-रात मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शशिकांत गुप्ता अवध सत्तू मुकेश जैन सागर सिंह प्रांजल जैन बेटियां फाउंडेशन प्रियंका चौहान छवि मेकओवर की प्रशंसा की और बताया कि अगला इवेंट अगले महीने आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में आनंद डॉन एवं पवन गेरा एंकर व सौरभ फैशन डिजाइनर अरहान कुरैशी व इमरान राजपूत शो कोरियोग्राफ रहे। इस अवसर पर शशि नागर डांस कोरियोग्राफर मुख्य संरक्षक लायन गुलफाम व लायन राजकुमार शर्मा, मीडिया से मुकेश भोगल समाचार निर्देश राजेश चौहान डीडी न्यूज तरुण निवेश आपकी सेहत मैगजीन सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# संपादकीय

## लाखों टन अनाज बबार्दी की जवाबदेही तय हो

जिस देश में करोड़ों लोग कुपोषण व खाद्यान्न की किल्लत से जूझ रहे हों, उसके सिर्फ एक राज्य में ही, चार साल में 8191 मीट्रिक टन अनाज सड़ जाए, इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। हमारा गैर-जिम्मेदार तंत्र व अदूरदर्शी नेतृत्व इसकी जवाबदेही से बच नहीं सकता। ये लापरवाही की अंतहीन श्रृंखला की दुर्भाग्यपूर्ण परिणति है। किसानों के खून-पसीने से उपजी और कर दाता के धन से खरीदी गई लाखों टन उपज का यूं बर्बाद होना बताता है कि हमारे तंत्र में प्रबंधन से जुड़े अधिकारी कितने संवेदनहीन और गैर-जिम्मेदार हैं। चिंता की बात यह है कि पंजाब में साल-दर-साल बर्बाद होने वाले अनाज की मात्रा लगातार बढ़ती ही जा रही है। यानी इस संकट को अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। चिंता की बात यह कि जहां वर्ष 2022-23 में जहां करीब 264 मीट्रिक टन अनाज खराब हुआ था, वहीं वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 29 गुना बढ़ गया बताया जाता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह आंकड़ा बढ़कर 7764 मीट्रिक टन हो गया बताया जाता है। जिस देश में तमाम लोग कुपोषण व भुखमरी का दंश झेलते हों, वहां ये आंकड़े शर्मशार करने वाले ही हैं। एक आकलन के अनुसार इस बर्बाद हुए अनाज से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सोलह लाख लोगों का पेट भरा जा सकता था। बताया जाता है कि खाद्यान्न की बबार्दी के इस आंकड़े का उल्लेख उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की रिपोर्ट में किया गया है। निश्चित रूप से साल-दर-साल बढ़ती अन्न की बबार्दी हमारी लचर भंडारण क्षमता पर सवाल खड़े करती है।

हरित क्रांति की सफलता का पंजाब को भरपूर लाभ मिला। किसानों ने भी पूरे मनोयोग से कंधा से कंधा लगाकर सहयोग दिया। तत्कालीन सत्ताधीशों की सजगता व सक्रियता से यह क्रांति परवान चढ़ी। कालांतर में धरती सोना उगलने लगी। देश की खाद्य श्रृंखला को मजबूत बनाने में पंजाब के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन राज्य के सत्ताधीशों ने इस बहुमूल्य खाद्यान्न को सहेजने में दूरदर्शिता नहीं दिखाई। यदि सरकार समय रहते बड़े पैमाने पर अनाज के गोदाम बनाती तो आज ये संकट पैदा नहीं होता। भंडारण संकट के चलते ही किसान भी फसल की कटाई के बाद तुरंत फसल बेचने मंडियों की तरफ दौड़ता है। जिसके चलते बिचौलिए व आढ़ती औने-पौने दाम पर किसानों को फसल बेचने के लिये मजबूर कर देते हैं। जिससे किसान को उसकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल पाता। किसान आज जो कई तरह के संकट उचित दाम न मिल पाने के कारण झेल रहा है, उसके मूल में भी अनाज भंडार व्यवस्था की खामियां भी हैं। बहरहाल, पंजाब में अनाज भंडार का जिम्मा संभालने वाले राज्य तंत्र तथा फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के लापरवाह अधिकारियों की इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय करने की सख्त जरूरत है। दरअसल, सख्त कार्रवाई के अभाव में अधिकारी अपने गंभीर दायित्व के प्रति भी उदासीन बने रहते हैं। उन्हें विश्वास रहता है कि छोटी-मोटी कार्रवाई के बाद भी साफ बच जाएंगे। निस्संदेह, अनाज की बबार्दी पर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनानी होगी।

# जजों की संपत्ति का प्रकटीकरण पारदर्शिता की ओर कदम

दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। यूं तो न्यायपालिका के कामकाज में कई तरह की गड़बड़ियां देखने को मिलती हैं। संपत्ति की घोषणा जैसे कई स्तरों पर न्यायिक सुधार के प्रयास आगे बढ़ाने की जरूरत नये भारत, सशक्त भारत एवं आदर्श भारत के लिये जरूरी है। अब अगर सर्वोच्च अदालत के जज खुद को भी उन कसौटियों पर कसने में नहीं हिचक रहे हैं जिन्हें वे दूसरों के लिए जरूरी मानते हैं, तो निश्चित ही इस कदम से एक सकारात्मक संदेश जरूर गया है।




न्यायपालिका पर जनता का भरोसा लोकतंत्र का अहम आधार है। न्यायिक प्रणाली में किसी संदेह की गुंजाइश नहीं रहे, इसके लिये न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता, जबावदेही एवं निष्पक्षता की जरूरत है, इसके लिये सर्वोच्च न्यायालय से निचली अदालतों तक के न्यायाधीशों को संपत्ति सार्वजनिक करने जैसे कदम उठाए जाने की अपेक्षा आजादी के अमृतकाल में तीव्रता से की जा रही थी, ताकि न्यायपालिका की पारदर्शिता को लेकर उठने वाले संदेह दूर हो सकें, यह मुद्दा जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर जली हुई नोटों की गड्डी मिलने जैसी घटनाओं और उनसे उपजे विवादों के बाद गंभीर सार्वजनिक विमर्श का बन गया था। जनचर्चाओं एवं आदर्श राष्ट्र-निर्माण की अपेक्षाओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर जो सहमति जताई है, वह सही दिशा में उठाया गया उचित एवं प्रासंगिक कदम है। इससे न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी और आम लोगों का उस पर भरोसा मजबूत होगा। देश में न्यायालयों को ऐसी संस्था के रूप में देखा जाता है, जो आम लोगों के लिए न्याय की आखिरी उम्मीद है। न्याय करने वाले न्यायाधीशों पर संदेह के बादल मंडराना न्याय-प्रक्रिया पर भरोसा कम करने का एक बड़ा कारण बनता रहा है। अब जनता की अपने पंच-परमेश्वरों की स्वच्छ-धवल छवि की आकांक्षा पूरी होते हुए दिखाई देना एक रोशनी बना है, जिससे न्याय प्रक्रिया के प्रति विश्वास ज्यादा मजबूत होगा। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

न्यायधीशों को भी अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करने का मुद्दा बहुत पुराना रहा है। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार हर न्यायाधीश को अपनी प्रॉपर्टी और देनदारियों के बारे में चीफ जस्टिस को बताना होता है। बाद में, एक और प्रस्ताव आया कि न्यायाधीश चाहें तो अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर सकते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं, स्वैच्छिक था। पिछले लगभग तीन दशक में, यह मामला कई बार उठा है। सूचना का अधिकार लागू होने के बाद यह बहस भी हुई कि न्यायपालिका इसके दायरे में क्यों नहीं? इसके पीछे यही तर्क रहा कि किसी निजी जानकारी को तब तक साझा करने की जरूरत नहीं, जब तक उससे सार्वजनिक हित न जुड़े हों। 2010 और 2019 में जब सुप्रीम कोर्ट में यह केस आया था, तब इसी तथ्य को आधार बनाकर कहा गया कि जानकारी सार्वजनिक करना न्यायाधीशों की इच्छा पर है। एक तरह से यह व्यवस्था न्यायाधीशों को लगातार संदेहों के घेरे में रखती रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा का निर्णय न्यायपालिका में पारदर्शिता कायम करने वाला एक सराहनीय कदम होगा। जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने की मांग के पीछे बड़ा तर्क भी यही दिया जाता रहा है कि जब तक जजों की संपत्ति सार्वजनिक नहीं होगी, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों पर ठोस कार्रवाई संभव नहीं हो सकेगी। देश में न्याय की प्रक्रिया सहज, सरल पारदर्शी एवं समानतामूलक होने के साथ आम आदमी के भरोसे वाली होनी चाहिए। इसके लिये भारत की सम्पूर्ण न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण होना चाहिए। भारतीयकरण के लिये ईमानदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता, जबावदेही आवश्यक मूल्य है।

सरकार की एक संसदीय समिति ने 2023 में सिफारिश की थी कि न्यायाधीशों के लिए संपत्ति की घोषणा अनिवार्य की जाए। हालांकि कतितय कारणों से सरकार इस मामले में आगे नहीं बढ़ी। इसका एक बड़ा कारण सरकार पर यह आरोप लगना भी बना कि सरकार न्यायपालिका में अनावश्यक राजनीतिक दखल दे रही है। लेकिन न्यायपालिका की साख के लिए उसका स्वतंत्र होना और दिखना भी जरूरी है। लेकिन सम्पत्ति की घोषणा के मामले में उन्हें अतिरिक्त सुविधा देना या उनके लिये अतिरिक्त सुविधा का होना, संदेह का कारण बनता रहा है। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। यूं तो न्यायपालिका के कामकाज में कई तरह की गड़बड़ियां देखने को मिलती हैं। संपत्ति की घोषणा जैसे कई स्तरों पर न्यायिक सुधार के प्रयास आगे बढ़ाने की जरूरत नये भारत, सशक्त भारत एवं आदर्श भारत के लिये जरूरी है। अब अगर सर्वोच्च अदालत के जज खुद को भी उन कसौटियों पर कसने में नहीं हिचक रहे हैं जिन्हें वे दूसरों के लिए जरूरी मानते हैं, तो निश्चित ही इस कदम से एक सकारात्मक संदेश जरूर गया है।

न्यायिक पारदर्शिता को बढ़ाने के उद्देश्य से, सुप्रीम कोर्ट के सभी 30 मौजूदा न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की है। यह घटनाक्रम न्यायपालिका में पारदर्शिता की कमी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बाद हुआ है, खासकर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़े विवाद के बाद। जिन न्यायाधीशों ने पहले ही अपनी घोषणाएं प्रस्तुत कर दी हैं, उनमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी शामिल हैं। इसे फैसले को न्याय के प्रति जनता के भरोसे को और मजबूत करने के लिहाज से सही एवं सामयिक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो सुखद होने के साथ-साथ श्रेयस्कर न्याय-प्रक्रिया का द्योतक है। निश्चय ही यह एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। इस नवीनतम प्रस्ताव के साथ, सुप्रीम कोर्ट ने सामूहिक रूप से संपत्ति के खुलासे को सार्वजनिक रूप से सुलभ बनाने का निर्णय लेकर जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। भारत के अनेक पड़ोसी देश बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल आदि में न्यायाधीश अपनी संपत्तियों की घोषणा करते हैं। कई देशों में यह स्वैच्छिक है तो कुछ जगह अनिवार्य भी है।

न्यायपालिका ही फरियाद का अंतिम पड़ाव कहा जाता है। ऐसे में न केवल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बल्कि न्यायपालिका के सभी स्तरों पर न्यायाधीश अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करें तो इससे जनता को उनके प्रति विश्वास बढ़ेगा। अब तक का अनुभव बताता है कि उच्च न्यायालयों के स्तर पर भी जजों में संपत्ति को सार्वजनिक करने की प्रवृत्ति काफी कम है। मार्च 2025 तक, उच्च न्यायालयों के कुल 763 में से सिर्फ 49 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक की है। न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए अभी इस दिशा में और प्रयासों की जरूरत है। निर्वाचित प्रतिनिधियों और नौकरशाहों को अपनी संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा करना कानूनन अनिवार्य किया जा चुका है। ऐसे में आम जनमानस में धारणा बनी रहती है कि न्यायपालिका के बाबत भी कोई ऐसी पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए। यह प्रश्न न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता और जबावदेही से भी जुड़ा है। यहां उल्लेख करना समीचीन होगा कि विधि एवं न्याय विभाग की संसदीय समिति ने वर्ष 2023 में न्यायाधीशों के लिये अनिवार्य रूप से संपत्ति की घोषणा की सिफारिश की थी। लेकिन इस बाबत अभी तक कोई वैधानिक नियम नहीं बनाए गए हैं। लेकिन अब स्वयं न्यायपालिका की तरफ से ऐसी व्यवस्था लागू करने का सराहनीय प्रयास होना सुखद ही कहा जायेगा।

न्यायपालिका हमेशा से समाज में पारदर्शिता, प्रामाणिकता, निष्पक्षता व शुचिता की पक्षधर रही है। जनता इस कसौटी पर अपने न्याय के देवताओं को भी खरा उतरता देखना चाहती है। निस्संदेह इस तरह के फैसले का समाज में पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की दृष्टि से दूरगामी प्रभाव भी होगा। इस दिशा में ऐसी किसी भी पारदर्शी व्यवस्था का समाज में स्वागत ही होगा। ऐसे किसी भी कदम से उस आम आदमी के विश्वास को भी बल मिलेगा जो हर तरह के अन्याय व भ्रष्टाचार से तंग आकर उम्मीद की अंतिम किरण के रूप में न्यायालयों का रुख करता है। वह न्यायाधीशों को न्याय, सत्य व सदाचारिता के प्रतीक के रूप में देखता है। वो न्याय देने वालों को न्याय की हर कसौटी पर खरा उतरता हुआ भी देखना चाहता है। यह न्याय की शुचिता की भी अनिवार्य शर्त है। जब एक अकेले व्यक्ति का जीवन भी मूल्यों एवं जीवन-मानकों के बिना नहीं बन सकता, तब एक न्याय-व्यवस्था मूल्यों, निष्पक्ष मानकों, पारदर्शिता एवं समानता के बिना कैसे शक्तिशाली एवं विश्वसनीय बन सकती है?

# बैंकॉक में मोदी-यूनुस मुलाकात के मायने

बैंकॉक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के बीच मुलाकात कई मायनों में महत्वपूर्ण है। इसलिए भी कि बांग्लादेश के बदले राजनीतिक हालात में वहां कुख्यात पाक एजेंसी आईएसआई के खतरनाक मंसूबों के प्रति उन्हें आगाह किया जा सके। तथ्य यह कि बांग्लादेश को हमेशा भान रहना चाहिये कि भारत को सदा सब कुछ पता रहता है।

बीते शुक्रवार बैंकॉक में बिम्सटेक सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के बीच हुई मुलाकात की पृष्ठभूमि में दो घटनाओं का संदर्भ जरूरी है। पहली है, जब 5 अगस्त, 2024 को उग्र भीड़ ने बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान का घर जलाने की कोशिश की, जिसकी तस्वीरें बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का प्रतीक बनीं, इसके कुछ ही मिनट पहले शेख हसीना को ढाका छोड़कर दिल्ली भागना पड़ा था, और तथाकथित छात्र क्रांति के बाद शीर्ष पद पर अमेरिका में प्रशिक्षित अर्थशास्त्री को बैठाया गया था झ इसके दो महीने बाद, 5 फरवरी को यूनुस की नाक के नीचे, वे इस घर को जलाने में कामयाब हो गये।

दूसरी घटना है, पिछले सप्ताह बीजिंग में यूनुस और चीनी व्यवसायियों के बीच हुई मुलाकात, जहां उन्होंने भारत के सात पूर्वोत्तर राज्य, जिन्हें प्यार से सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, उनको लेकर कुख्यात और नागवार टिप्पणी की थी। यूनुस ने चीनियों से कहा, भारत की सेवन सिस्टर्स तट विहीन भूभाग है झ उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। हम इस समूचे इलाके में समुद्र के एकमात्र संरक्षक हैंझबांग्लादेश से, आप जहां चाहे जा सकते हैं। समुद्र मानो हमारा पिछला आंगन है। इसलिए, यहां पर वह अवसर है, जिसे आप लपकना चाहेंगे। शायद, यह बांग्लादेशी सचमुच एक भोला व्यक्ति है। हो सकता है, उन्होंने जो कुछ कहा, उसका भावार्थ अनुवाद करते वक्त कुछ बदल गया हो। कदाचित एस. जयशंकर से लेकर हिमंत बिस्वा सरमा और प्रद्योत माणिक्य बर्मन तक, भारतीय राजनेताओं की प्रतिक्रिया अनावश्यक तौर पर कठोर रही हो।

लेकिन तथ्य यह है कि प्रधानमंत्री के साथ अपनी बैठक की पूर्व संध्या पर बांग्लादेशी नेता की टिप्पणी में भारत के एक संवेदनशील मर्मस्थल का संदर्भ था झ वह इलाका जो विद्रोह ग्रस्त रहा है, जहां पर सीमा पार से हथियारों की आमद होती रही है, इसमें 2001-06 के बीच खालिदा जिया की बीएनपी सरकार के वक्त चली गतिविधियां, सांप्रदायिक तनाव भी शामिल हैं झ शायद कूटनीतिक लिहाज से ऐसे बोल बहुत सही नहीं थे। इसमें भारत की नाजुक रग दबाने की कोशिश दिखीझ बेशक यह सच भी है। लेकिन यहां दूसरा तथ्य भी है। यदि भारत को लगा कि उस पर नाहक दबाव बनाया जा रहा है, तो उसके पास खालिस, निष्ठुर शक्ति प्रयोग के दम पर उत्तर-पूर्व और अन्यत्र अपनी कमजोरियों से



उबरने और अन्यत्र हमला करने की क्षमता है।

यही वजह है कि अपने छोटे पड़ोसियों को भारत जब कभी और जहां कहीं छोटे-छोटे अपराधबोध महसूस करवाता है तो वे इलाके के बड़े ड्रैगन (चीन) की और तकने लगते हैं झ ज्यादातर मामलों को छोड़कर, और यकीनन बांग्लादेश के मामले में, उसके और चीन के बीच दूरी काफी है। इसके अलावा, नाजुक मर्मस्थल दोनों तरफ है, यदि भारत की सेवन सिस्टर्स की घेराबंदी करने की फिराक में बांग्लादेश है, तब उसका भीतरी भाग असल में भारतीय इलाका है।

राजनेताओं और भूगोलवेत्ताओं, दोनों ने ही, इस मूलभूत तथ्य को काफी पहले समझ लिया था झयह कि भूगोल सिर्फ.इतिहास नहीं है, यह मौजूदा राजनीति और कूटनीति से भी बना होता है। विंस्टन चर्चिल गलत नहीं थे जब उन्होंने तय किया कि वे ऐसे प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे जो ब्रिटिश साम्राज्य का सबसे अनमोल रत्न (भारतीय उपमहाद्वीप) को यूं ही छोड़ दे। विभाजन के वर्षों की गहन खोज से हमें पता चलता है कि जब 1947 में अंततः अंग्रेजों को लगने लगा कि अब झींकते-बिलबिलाते जाना ही पड़ेगा, तो मन बना लिया कि इस उपमहाद्वीप को अविभाजित एवं समन्वित इकाई के रूप में छोड़कर नहीं जाएंगे। अब सीधे 2025 में आते हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सेवन सिस्टर्स पर यूनुस की बचकानी टिप्पणियों का त्वरित जवाब दिया, यह रेखांकित करते हुए कि भारत के पास पूर्व में न केवल लगभग 6,500 किमी. लंबा समुद्री तट है, बल्कि बंगाल की खाड़ी के पांच देशों के साथ सीमा साझी है और यह भारतीय उपमहाद्वीप और आसियान मुल्कों के बीच संबंधों का मौका प्रदान करती है।

निश्चित रूप से, भारत की असाधारण शक्ति, विशेषकर अपने आस-पास के इलाके में, को नकारा नहीं जा सकता झ न 1971 में, न ही 2025 में। यह अलग बात है कि शेख हसीना ने हाल के वर्षों में अपने पैंतरों से विपक्षियों को राजनीति से बहुत हद तक महरूम रखा था झ यह भी उतना ही सच है कि भारत उनके ऐसे कई उपायों को अनुमोदित नहीं करता था, विशेष रूप से देश के भीतर शांति स्थापना की खातिर बांग्लादेश की राजनीति में दूसरी अहम महिला खालिदा जिया से राबता बनाने में उनके सीधे इनकार पर। भारत को आखिर में हसीना का समर्थन इसलिए करना पड़ा, क्योंकि उसे लगता था कि विकल्प कहीं अधिक बुरा है।

वह स्याह डर अब सामने से गुजर रहा है। बांग्लादेश में 5 अगस्त को हुए सत्ता परिवर्तन ने न केवल बंगबंधु की विरासत को खत्म कर डाला, बल्कि इसने बांग्लादेश में पाकिस्तान की आईएसआई की नापाक उपस्थिति को भी मंजूर कर लिया झ बल्कि कहना चाहिए उसका स्वागत किया। साल 1971 में, 26 मार्च को, मुजीब-उर-रहमान द्वारा पाकिस्तान से आजादी की घोषणा करने के चंद घंटों के अंदर, पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्चलाइट मुहिम शुरू कर दी- 54 साल और कुछ दिन पूर्व जिसमें सैकड़ों बुद्धिजीवियों, नागरिकों और छात्रों की हत्या कर दी गई थी।

आज, पाकिस्तानी सेना की मातहत और जासूसी एजेंसी आईएसआई ढाका, चटगांव तथा अन्य जगहों की सड़कों पर फिर से लौट आई है। कालचक्र पूरा घूम चुका है। पिछले साल ढाका में मुख्य सलाहकार के रूप में शीर्ष पद पर यूनुस की ताजपोशी में अमेरिकी खुफिया एजेंसी की संभावित भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कुछ लोग कहेंगे, इतनी जल्दी यह कहना ठीक न होगा। क्योंकि इस नवीनतम शासन परिवर्तन का अध्याय अभी पूरा नहीं हुआ। कि बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वाकिर-उज-जमान, जो हसीना के समय से हैं, अभी भी सेनाध्यक्ष हैं और एक शक्ति केंद्र हैं। कि बांग्लादेश की सेना, जिनमें से कई अपने पूर्ववर्तियों की वीरगाथाएं पढ़-सुनकर बड़े हुए हैं, वे जो 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बतौर मुक्तिजोद्धा लड़े थे, उनका प्रभाव इतनी आसानी से जाने वाला नहीं।

सवाल यह है कि अब आगे क्या? क्या यूनुस जल्द ही चुनाव की घोषणा करेंगे और क्या बीएनपी सत्ता में लौटेगी, और साथ ही खालिदा जिया का बेटा तारिक रहमान भी,जो 2006 में अपनी मां के चुनाव हारने के बाद से पिछले कई सालों से लंदन में निर्वासित जीवन जी रहा है? शायद यही भविष्य है, शायद इसलिए क्योंकि शेख हसीना की अवामी लीग काफी हद तक मिट चुकी है।

# गांधी मैदान में अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट को लेकर तैयारी पूरी, आज सिमडेगा बनाम कोडरमा के बीच होगा क्रिकेट मैच

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गोड्डा। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान और डीसीए के मेजबानी में गांधी मैदान में अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। हर आयोजन की तरह इस बार के आयोजन को भी लेकर जिला क्रिकेट संघ के सचिव रंजन कुमार की ओर से आयोजन कमेटी की एक पूरी टीम तैयार कर सदस्यों को जिम्मेदारी का निर्वाहन दिया गया है। जिसे पूरा करने में डीसीए के तमाम सदस्य दिन-रात डटे हुए हैं। मैदान और पिच के दुरुस्त करने का कार्य चरम पर है। इसके अलावा बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के आवास भोजन आदि की व्यवस्था को लेकर टीम के सदस्यों को दायित्व सौंपा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधी मैदान में अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट 8 अप्रैल से 17 अप्रैल तक होना सुनिश्चित किया गया है। डीसीए सचिव की ओर से 7/04/25 को पीच तैयार करके फाइनल करना एवं बाउंड्री करने



का दायित्व रंजन, विजय, सिद्धार्थ, सूरज, प्रभु, तौसीफ को दिया गया है। खिलाड़ियों को सुबह नाश्ता के लिए मुकेश मोदी, मुकेश मंडल, कन्हैया, पकौड़ी, राहुल को, दोपहर का खाना के लिए मुकेश मंडल, सनोज, प्रभु, मुकेश मोदी को शाम का चाय एवं नाश्ता - मुकेश मंडल, कन्हैया को, रात का खाना अब्बू, मुकेश, कन्हैया, मुकेश मोदी, राहुल को

मैदान में नगरपालिका से पानी छिड़काव एवं सफाई कराने को लेकर मुकेश को, सुबह मैच से पूर्व ग्राउंड तैयार करने को लेकर विजय, बीरेंद्र, सूरज, प्रभु, सनम, तौसीफ को, टेंट लगवाना के लिए सनोज, रंजन को, शाम में ग्राउंड में पानी छिड़काव संजीव कुमार, सनोज, चीकू, पकौड़ी को, मैच के बाद पीच में पानी छिड़काव विजय, प्रभु को मैच के बाद पिच मरम्मती सनोज, चीकू को रात में पीच में रोलिंग एवं पीच कवर ऋषि, प्रभु, सिंधु, सनम, तौसीफ, मुकेश, बीरेंद्र, विजय

अंपायर एवं ऑब्जर्वर के लिए अजीत, दिव्यप्रकाश को, ग्राउंड में झंडा एवं कोण लगाना चीकू को, ड्रिंक्स प्रभु, सन्नी को, फ्लेक्स निकलवाना सनोज को सुबह ग्राउंड तैयार करवाकर समय पर टॉस कराना एवं मैच चालू करवाने का दायित्व अमित बोस, शिव कुमार को होटल में खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का दायित्व सनोज, संजीव, बाबू बजाज को स्कोरबोर्ड - सन्नी एंव मैच का न्यूज इंतेखाब आलम राजू को तैयार करने एंव मंच संचालन का दायित्व प्रसिद्ध उद्धघोषक किरमान अंसारी को दिया गया है। इसके अलावा बुन्नू, सुजीत, अंजन के गोड्डा में रहने पर सुबह मैच से पूर्व विकेट तैयार करना और रात में पिच में रोलिंग के कार्य में रहेंगे। उल्लेखनीय है कि गोड्डा के मेजबानी में लगातार क्रिकेट का आयोजन बेहतर तरीके से हो रहा है। इसी बात को लेकर जेएससीए की ओर से डीसीए को इस जिले में लगातार बड़े टूनार्मेंट की जिम्मेदारी दी जा रही है। हाल ही दिनों में अंतर जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता की जिम्मेदारी को डीसीए की ओर से पूरी तरह से पूरा किया गया। अब अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट की जिम्मेदारी दी जा चुकी है। आयोजन को लेकर डीसीए के तमाम सदस्य गांधी मैदान में पसीना बहा रहे हैं। डीसीए कोषाध्यक्ष सनोज कुमार ने बताया कि 8 अप्रैल को पहला मैच सिमडेगा बनाम कोडरमा के बीच खेला जाएगा।

# सैफनी में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत जागरूकता रैली का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर सैफनी।बीते दिन नगर स्थित कंपोजिट विद्यालय में ह्यस्कूल चलो अभियानह्ण के अंतर्गत एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में विद्यालय के समस्त स्टाफ, नगर पंचायत सैफनी में कार्यरत सीएम फेलो अनुज कुमार तथा अनेक अभिभावकों ने सहभागिता की।रैली नगर के विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरी। जहां, जगह-जगह रुककर बच्चों के माता-पिता से संवाद किया गया। इस दौरान 6 से 14 वर्ष के बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही, यह भी जानकारी दी गई कि सत्र 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।बच्चों ने




उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शिक्षा से जुड़े प्रेरणादायक नारे लगाए, जैसे अनपढ़ होना है अभिशाप, अब न रहेंगे अंगूठा छापह्व, ह्लजब होगी शिक्षा की बारी, तभी तो होगी देश की तैयारीह्वहिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई झ्र सब मिलकर करें पढ़ाईह्व,इस बार न छूटे कोई बच्चा, शिक्षा का अधिकार है सबसे सच्चाह्व। रैली के समापन पर विद्यालय में बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया तथा उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज शर्मा, समिति अध्यक्ष बरकत अली, रियाज अहमद, रेखा, राजेश कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# 36 चेक बाउंस, कैशियर निलंबित बिजली विभाग का फर्जी चेक घोटाला

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। बिजली विभाग में एक के बाद एक घपले सामने आ रहे हैं। बिल जमा करने के लिए लगाए गए चेक बाउंस हो गए। फर्जी चेक से बिल जमा करने की आशंका है। अधिशासी अभियंता की तरफ से कोतवाली में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कैशियर को निलंबित कर दिया गया।

फरीदपुर में संविदा कर्मचारी के मकान से 98 बिजली मीटर बरामद होने का मामला अभी शांत नहीं हुआ कि ग्रामीण क्षेत्र में एक नया मामला सामने आया है। चेक के जरिये दर्जनों उपभोक्ताओं के बिल जमा किए गए। इसकी रसीदें भी दी गईं। ये चेक बैंक में लगाए गए तो बाउंस हो गए। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आया तो हड़कंप मच गया।

38 चेक के जरिए बिल जमा हुए जिसमें 36 चेक बाउंस हुए हैं। कार्तिक इंटरप्राइजेज, हिमांशु रंजन, लव कुमार, अनहर हुसैन के नाम से चेक विभाग में कैशियर राहुल गुप्ता की मदद से जमा किए गए थे। पूरे खेल में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत की भी बात सामने आ रही है। अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने बताया कि कैशियर राहुल गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है।

**पहले भी सामने आ चुके हैं बिल के घपले**

ग्रामीण क्षेत्र में इससे पहले भी बिल जमा करने के मामले सामने आ चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्र के प्रथम डिवीजन में इससे पहले फर्जी बिल का मामला सामने आया था। इसके बाद कार्यालय से सीपीयू ही चोरी हो गया था। इस प्रकरण के बाद बिजली चोरी के मामले में लगने वाले जुमार्ने का पटल देखने वाले बाबू पर गड़बड़ी करने का आरोप लगा था।

फर्जी चेक के जरिए बिल जमा करने का मामला चेक बाउंस होने के बाद पकड़ में आया। उसके बाद कोतवाली में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है- हरीश कुमार, अधिशासी अभियंता

# महिला को गोली मारने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

मथुरा। फरह के कबायला गांव में झगड़े के दौरान महिला को गोली मारने के मामले में पति ने चार नामजद एवं पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शनिवार रात को कबायला गांव में झगड़े व मारपीट के दौरान एक महिला के हाथ में गोली लग गई थी, जिसे पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। इस मामले में रविवार को नारायण सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पत्नी सरोज के साथ खेत से लौटकर घर आ रहे थे, तभी पास की एक झोपड़ी में घात लगाए बैठे उन्हीं के गांव के हरेंद्र, देवेंद्र, साहब सिंह, महेश और आधा दर्जन करीब अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। उसे बचाने के लिए जब पत्नी आई तो आरोपियों ने गोली चला दी जो सरोज के बाएं हाथ में लगी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# -पूर्व विधायक अरुणवीर सिंह व जिला पंचायत प्रतिनिधि करनवीर सिंह के नेतृत्व में विशाल रैली का हुआ आयोजन

बहराइच। विधानसभा मटेरा अन्तर्गत नवाबगंज के भटपुरवा गांव से भाजपा सरकार के सफलतम आठ वर्ष पूरे होने पर विधानसभा मटेरा में पूर्व विधायक अरुणवीर सिंह व करनबीर सिंह के नेतृत्व में विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली



विधानसभा के भटपुरवा गांव से प्रारंभ होकर निम्निहारा चौराहा, निबिया,धोबाही अवधुत गांव चौराहा, मंगली नाथ आदि स्थानों से होते हुए सम्पन्न हुई। रैली के दौरान आयोजित कार्यक्रम में पुर्व विधायक अरुणवीर सिंह ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताई। प्रधानमंत्री मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के गुणगान में नारे लगाए गए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व विधायक अरुणवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि करनवीर सिंह, जिला संयोजक युवा मोर्चा अंकित सिंह सहित, विपुल बाबा, युवा मोर्चा के बाइक रैली कार्यक्रम संयोजक आनंद जायसवाल, भाजपा नेता बेचे लाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों व भाजपा कार्यकताओं ने बाइक रैली में भाग लिया।

# गोवर्धन में शादी का झांसा देकर 4 साल तक किया शारीरिक शोषण

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। गोवर्धन में शादी का झांसा देकर 4 साल तक शारीरिक शोषण करने और रकम–जेवर ऐंठने के आरोप में पुलिस ने युवक को नीमगांव चौराहे से गिरफ्तार किया है। धोखाधड़ी, शारीरिक व



मानसिक शोषण के आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। गोवर्धन क्षेत्र निवासी पीड़िता का आरोप है की वह स्नातक की छात्रा है। पढ़ाई के दौरान थाना नौहझील के छनपारई निवासी विष्णु चौधरी से उसकी मित्रता हुई। युवक ने उससे शादी का प्रस्ताव रखा। वह उसकी बातों में आ गई। पिछले चार साल वह शादी का झांसा देकर संबंध बना रहा है। पिछले दिनों शादी की बात कही तो विष्णु भड़क गया। कहा, मुझे शादी नहीं करनी। वह तो सिर्फ इस्तेमाल कर रहा था। उसकी शादी कहीं और पक्की हो गई है। युवक पूर्व में नकदी और गहने भी ऐंठ चुका है। वापस मांगने पर लौटा भी नहीं रहा है। उक्त युवक ने शादी के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए शारीरिक व मानसिक शोषण किया।

# बरसाना में सेवानिवृत्त कर्नल से ठगी करने वाली युवती भरतपुर में गिरफ्तार

मथुरा। बरसाना में करीब ढाई माह पहले सेवानिवृत्त कर्नल से बरसाना में ठगी को अंजाम देने वाली युवती को भरतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की जांच कर रही बरसाना पुलिस आज युवती को बरसाना लाएगी। तीन दिन पूर्व ही पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया था। गुरुग्राम की गांधी नगर कॉलोनी के रहने वाले सेना से सेवानिवृत्त कर्नल ने तीन दिन पहले बरसाना थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि जीवन साथी डॉटकॉम के माध्यम से उनकी मुलाकात मनी शर्मा नाम की लड़की से हुई थी। 11 जनवरी को मनी ने उन्हें



मिलने के लिए बरसाना बुलाया था, जहां दोनों एक होटल में ठहरे। इसके बाद भाई के एक्सीडेंट का बहाना बनाकर लड़की उन्हें बस स्टैंड लेकर पहुंची। यहां एक बोलेरो कार में बैठाकर उनके साथ मारपीट की और तमंचे के बल पर अश्लील वीडियो भी बनाए। इतना ही नहीं रिश्तेदारों को फोन कर रुपये भी वसूले। इसके साथ ही होटल में फोन कर पर्स और बैग भी मंगा लिया। कर्नल ने बताया कि आरोपी व उसके साथी पर्स में रखे 12 हजार रुपये, डेबिट कार्ड और गले की चेन व अन्य कागजात लूट ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। थाना प्रभारी राजकमल सिंह ने बताया जांच के दौरान पता चला कि आरोपी मनी शर्मा को राजस्थान के भरतपुर जिले के थाना उद्योग नगर में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब युवती को बरसाना लाएगी। इसके लिए कार्रवाई की जा रही है।

# बांके बिहारी मंदिर में चोरी करने वाले बैंककर्मी को पुलिस ने

मथुरा। वृंदावन के ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में दान पेटिका से चोरी करने वाले आरोपी बैंककर्मी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस मामले में मंदिर प्रबंधक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंदिर प्रबंधक मुनीश शर्मा ने बताया कि शनिवार को न्यायालय सिविल जज ज्यूडिशियल के आदेश पर मंदिर



की दान पेटिकाओं में आई धनराशि की गिनती की जा रही थी, तभी गिनती के दौरान केनरा बैंक के लोन विभाग के फील्ड ऑफिसर अभिनव सक्सेना पर रुपयों की चोरी करने का शक हुआ। इसके बाद मंदिर के आयुक्त और प्रबंधक ने पुलिस के सहयोग से तलाशी कराई तो आरोपी फंस गया। उसके पास से 500-500 के 218 नोट और 200-200 के 98 नोट बरामद हुए। उसने यह नोट अंडरवियर में छुपा रखे थे। पूछताछ के दौरान अभिनव ने स्वीकार किया कि वह कई दिनों से चोरी कर रहा था। पुलिस को उसने पहले बताया कि घर में रुपये रखे हैं, फिर बैंक में ही अलमारी में रखा होना बताया। पुलिस ने उसके केबिन में बने अलमारी से बैग बरामद किया, जिसमें आठ लाख 55 हजार 300 रुपये थे। पुलिस ने कुल मिलाकर 9 लाख 83 हजार 900 रुपये बरामद किए। पुलिस में रविवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए।

# मथुरा में रामनवनी पर भव्य शोभा यात्रा का किया आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। रामनवमी के अवसर पर मोहाली रोड वार्ड नंबर 68 नगर निगम मथुरा में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया शोभायात्रा चामुंडा मंदिर से लेकर बस स्टैंड होकर दोबारा चामुंडा मंदिर पर पूर्ण हुई शोभा यात्रा में विशेष आकर्षण रहा हनुमान जी और रामचंद्र जी की मूर्ति कॉलोनी वासियों द्वारा वार्ड नंबर 68 के पार्षद कुलदीप पाठक एडवोकेट



को स्वाफ और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया कुलदीप पाठक एडवोकेट ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा बढ़ता है शोभायात्रा में मौजूद रहे। प्रशांत शर्मा एडवोकेट पत्रकार कन्नू सारस्वत पियूष गुप्ता गोलू पंडित जी गुड्डू गौतम जी बिजली वाले व अन्य सभी भक्तगण मौजूद रहे।

# बुलडोजर के साथ निकली रामनवमी शोभायात्रा में हंगामा

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने खुद सवार होकर निकलवाया

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। फरीदपुर में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान सोमवार को हंगामा हो गया। शोभायात्रा में शामिल बुलडोजर को नई परंपरा बताकर पुलिस ने रोक दिया, जिससे रामलीला कमेटी के लोग भड़क गए। आंवला के भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह व कमेटी के लोगों की अफसरों से नोकझोंक हुई। काफी देर तक हंगामा होता रहा। आखिरकार पुलिस प्रशासन को झुकना पड़ा। बुलडोजर निकालने की सहमति पर मामला शांत हुआ।



नगर में आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से रामनवमी शोभायात्रा निकाली जाती है। सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने सीएस इंटर कॉलेज ग्राउंड से शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में कुछ लोग बुलडोजर पर सवार होकर निकले। यह देख पुलिस ने नई परंपरा बताकर उसे रोक दिया। इससे गुस्साए लोग स्टेशन रोड पर बैठ गए। बुलडोजर निकालने पर अड़ गए। सड़क पर झाकियां खड़ी कर दीं। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। भाजपा जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह व कमेटी के लोगों की अफसरों से जमकर नोकझोंक हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह खुद बुलडोजर पर सवार होकर शोभायात्रा के आगे चलेंगे। कोई विवाद नहीं होने देंगे। डेढ़ घंटे तक हंगामा होता रहा। बाद में बुलडोजर निकालने की सहमति पर मामला शांत हुआ। इसके बाद शोभायात्रा आगे बढ़ी। इस दौरान भारी फोर्स तैनात रहा।

# एथेनॉल प्लांट में लगी आग, तीन लोग झुलसे

## बॉयलर फटने से हुआ हादसा

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। बिशारतगंज थाना क्षेत्र में आंवला-अलीगंज रोड के किनारे स्थित जिंदल ग्रुप के एथेनॉल प्लांट में धमाके के साथ बॉयलर फट गया। एसएनजे बॉयो प्रोडक्ट नाम के फैक्टरी प्लांट में बॉयलर फटने के बाद उसकी कैप करीब पांच सौ मीटर दूर जा गिरी और इसमें आग लग गई। घटना के दौरान तीन मजदूर झुलसने की बात बताई जा रही है, जिनमें से दो को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद फैक्टरी के मैनेजर व स्टाफ मौके से भाग निकला। जोरदार आवाज हुई तो ग्रामीण अपने घरों से निकलकर यहां पहुंचे। इस दौरान प्लांट में भगदड़ और दहशत का माहौल था। सूचना पर आंवला व बरेली से दमकल की गाड़ियां पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया। एडीएम प्रशासन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि प्लांट में अभी ट्रायल चल रहा है, इसी दौरान ये हादसा हो गया।

# डीएम ने फसल कटाई प्रयोग कर लिया उत्पादन का जायजा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को ब्लाक मुख्यालय कर्वी की ग्राम पंचायत कपसेठी में फसल कटाई प्रयोग कराकर सम्भावित उत्पादन का जायजा लिया। साथ ही बताया कि सरकार द्वारा 2425 रुपये प्रति क्विंटल की एमएसपी से क्रय केन्द्रों में गेहूं की खरीद की जा रही है।

सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने ग्राम पंचायत कपसेठी में किसान मतगंजन प्रसाद के खेत में फसल कटाई प्रयोग कराया। जिसमें डीएम ने किसान के खेत के हिस्से में गेहूं की फसल का कटाई प्रयोग कराया, जिसमे 19 किलो गेहूं निकला। इस प्रकार जनपद में प्रति हेक्टेयर 43 क्विंटल फसल उत्पादन आकी गई है। जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्राम प्रधान से गत वर्षों में गेहूं उत्पादन के बारे में जानकारी ली, जिस पर ग्राम प्रधान ने बताया कि लगभग इतना ही उत्पादन रहता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि जनपद में कुल 40 गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए है, जिसमें से 25 क्रय केंद्रों पर क्रय कार्य प्रारंभ हो गया है। कहा कि सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जा रहा है। उन्होंने सभी किसान भाईयों से अपील की कि सभी लोग गेहूं सरकारी क्रय केंद्रो पर बेचे। इस मौके पर तहसीलदार चन्द्रकान्ता सिंह, सहायक सांख्यिकी अधिकारी संतोष कुमार, लेखपाल राजेश वर्मा, ग्राम प्रधान रिशु सिंह आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने अग्निपीड़ितों को दी आर्थिक सहायता

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



चित्रकूट ब्यूरोः सदर विधायक ने अग्निकांड के सन्दर्भ में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया। साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष से दस-दस लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की मांग की।

उन्होंने पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत भदेहदू की अनुसूचित जाति की बस्ती में आग लगने से लगभग 32 परिवारों के घर एवं गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया है। जिसमें उन्होंने मौके पर जाकर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए सभी पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर मदद करने के लिए आश्वस्त किया था। जिसके बाद सोमवार को उन्होंने जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दयाराम यादव, सपा नेता कुलदीप यादव, सत्यम यादव, पूर्व प्रधान देवारी नथन यादव, पूर्व प्रधान पप्पू यादव सुखौरा, राजापुर अध्यक्ष नवनीत सोनी, सपा नेता मनीष विश्वकर्मा, प्रिंस केशरवानी, मंगल यादव, रावेन्द्र यादव, राममूरत यादव, तीरथ वर्मा, केशव निषाद, सुनील निषाद सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने अग्निपीड़ित 32 परिवारों के प्रत्येक परिवार के मुखिया को पांच-पांच हजार रुपए की आर्थिक मदद की। उन्होंने प्रत्येक परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से दस-दस लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की मांग की।

इसके साथ ही सदर विधायक ने ग्राम पंचायत कादरगंज मजरा अलमा पुरवा में फूलचन्द्र, प्रेमचन्द्र, नेमचन्द्र, रामचन्द्र व शिवचन्द्र पुत्रगण स्व चन्द्रपाल यादव के घरों में अज्ञात कारण से आग लग गई। जिससे उनके घर समेत सारी सामग्री जलकर राख हो गई। जिनसे मिलकर उन्होंने पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद की। साथ ही इन पांचों भाईयों को अलग-अलग आवास योजना का लाभ दिलाने एवं मुआवजा देने के लिए मुख्य विकास अधिकारी व जिलाधिकारी पत्र प्रेषित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भीम आर्मी ने अग्निपीड़ितों को बांटी खाद्य सामग्री

चित्रकूटः भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी चित्रकूट के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने सोमवार को राजापुर तहसील क्षेत्र के भदेहदू गांव के अग्निकांड के पीड़ितों को भोजन व अन्य खाद्य सामग्री वितरण कर मदद की। इस मौके पर भीम आर्मी के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम, आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, विनोद कुमार वर्मा, रामनाथ वर्मा, श्रीपाल प्रजापति, देवशरण वर्मा, भाग्य चंद्र सोनकर, विजय सोनकर, राकेश पठारी, लवकुश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### अग्निपीड़ितों से कॉग्रेसियों ने की मुलाकात

चित्रकूटः कॉग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने सोमवार को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में राजापुर तहसील क्षेत्र के भदेहदु ग्राम पंचायत में अग्निपीड़ित परिवारों से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आग से गरीब बस्ती में भारी नुकसान हुआ है। शासन द्वारा अग्निपीड़ितों को जो मदद की गई है, वह नाकाफी है। उन्होंने सरकार की मांग की कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को पक्का आवस और पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर वरिष्ठ कॉग्रेस नेता गज्जू प्रसाद फौजी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कामता प्रसाद द्विवेदी, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### नौ अप्रैल तक विद्यालय के माध्यम से कराएं संशोधन

चित्रकूटः जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में सम्मिलित हुए विद्यार्थियों के शैक्षिक विवरणों में यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि हो तो माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर प्रधानाचार्य द्वारा लॉगिन कर निर्धारित प्रारूप पर मैन्युअल को डाउनलोड कर अपेक्षित संशोधन का विवरण अंकित कर सत्यापित करते हुए उनसे अनुमोदित कराने के बाद वेबसाइट पर पुनः लॉगिन कर पूरित प्रारूप सहित समस्त आवश्यक साक्ष्य व प्रपत्रों को अपलोड कर दें। बताया कि इसके लिए नौ अप्रैल की शाम छह बजे तक परिषद की वेबसाइट क्रियाशील रहेगी। कहा कि निर्धारित समय सीमा के बाद शैक्षिक विवरणों के संशोधन की अपेक्षा करने वाले विद्यालयों पर दण्ड अधिरोपित किया जाएगा।

### ऋण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

चित्रकूटः उप आयुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि एमएसएमई इकाईयों को गति प्रदान करने तथा क्षेत्र में अधिक रोजगार सृजन किए जाने व प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने के लिए वर्तमान वर्ष में 1.5 लाख नई सूक्ष्म इकाईयों को स्थापित किए जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसकी पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का प्रारम्भ किया गया है। बताया कि जिला चित्रकूट के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 900 नई सूक्ष्म इकाईयों को स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। बताया कि इस योजना के तहत नई सूक्ष्म इकाईयां स्थापित करने के लिए युवाओं को चार वर्षों के लिए बिना ब्याज पर पांच लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। बताया कि इस योजना में का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थी विभाग की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते है।

### गेहूं खरीद केन्द्र की अनियमितताओं को भाकियू ने किया उजागर

चित्रकूट ब्यूरोः भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष हरि नाम सिंह वर्मा व युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने पूरे बुंदेलखंड का दौरा किया। जिसमें मंडियों एवं गेहूं क्रय केंद्रों के अवलोकन में पाया गया कि गेहूं के खरीद केंद्रों में किसानों से 20 रुपये प्रति क्विंटल पल्लेदारी जो सरकार द्वारा निश्चित है, उससे अधिक दो किलो गेहूं प्रति क्विंटल गेहूं लिया जा रहा है। साथ ही सफाई, पानी पिलाने और बैठने की व्यवस्था के नाम पर 10 किलो गेहूं प्रति ट्रैक्टर लिया जा रहा है, जो कि सर्वथा अनुचित है।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड का किसान पहले से ही बहुत सारी प्राकृतिक और आर्थिक समस्याओं को झेल रहा है। इस बीच किसान का ऐसा शोषण भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अगर किसानों का गेहूं उचित समर्थन मूल्य में उचित पल्लेदारी के साथ नहीं क्रय किया गया तो बुंदेलखंड के सभी किसान समस्याओं को लेकर एक बड़ा आंदोलन करेगा। साथ ही बुंदेलखंड के किसानों के ऊपर हो रहे अन्याय को रोकने के लिए प्रत्येक जिले से लेकर लखनऊ तक संघर्ष करेगा।

# शिक्षा के बल पर गरीब परिवारों के बच्चे भी हासिल करते है उच्च सम्मान- आनंद



चित्रकूट ब्यूरोः कंपोजिट विद्यालय पुरवा तरौहा में सोमवार को वार्षिकोत्सव व मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में परिषदीय विद्यालयों में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में ज्यादा से ज्यादा कराएं। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है कि प्राथमिक शिक्षा मजबूत बने। इसके लिए प्रत्येक तरह के संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने कहा कि जनपद चित्रकूट डीबीटी, अपार आईडी, नामांकन, शैक्षिक गुणवत्ता सहित अन्य कार्यों में प्रदेश में नंबर एक की स्थिति में है। कहा कि जनपद के सभी विद्यालयों का भौतिक परिवेश एवं शैक्षिणक परिवेश अच्छा है तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं समय से विद्यालय पहुंचते है। साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है।

इस दौरान विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले, अधिक उपस्थिति प्राप्त करने वाले व विद्यालय टॉप करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार सिंह ने किया।

इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय, विद्यालय के प्रधानाध्यापक तुलसीदास पांडेय, सहायक अध्यापक सुशील कुमार कुशवाहा, ग्राम प्रधान मोहनलाल वर्मा, सहायक अध्यापक गोपाल कृष्ण, विनोद कुमार, आभा मिश्रा, रिचा वाजपेई, सुनैना देवी, राजकरण, राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

# यूको बैंक मैनेजर द्वारा पत्रकार पर हमला, फोन तोड़ा दी जान से मारने की धमकी



चित्रकूट ब्यूरोः पत्रकार द्वारा शाखा प्रबंधक से सवाल पूछना शाखा प्रबंधक को इतना नागवार गुजरा की उसने पत्रकार को गाली गलौज करते हुए जान से मरवाने की धमकी दे दी। साथ ही एक अन्य पत्रकार का फोन पटक दिया और उससे मारपीट की। कोतवाली में पत्रकार की ओर से तहरीर दर्ज करने को प्रार्थना पत्र दिया गया है।

सोमवार को एक दैनिक अखबार के संपादक भानू प्रताप अपने ब्यूरो चीफ राजेंद्र पटेल के साथ कमीशन लेने के आरोप पर वर्जन लेने को यूको बैंक के मैनेजर ललित गुप्ता के पास गए थे। मैनेजर से कमीशन लेने के सवाल पर मैनेजर का पारा हाई हो गया। मैनेजर द्वारा पत्रकार को गाली गलौज करते हुए अपमानित किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। जब पत्रकार ने उनसे सवाल किया तो मैनेजर ललित गुप्ता ने कहा की मेरे द्वारा कमीशन लेने का कोई सबूत कोई नहीं ला पाएगा। तुमको जो उखाड़ना हो उखाड़ लो। पत्रकार ने जब इस घटना का वीडियो बनाना चाहा तो मैनेजर ललित गुप्ता ने संपादक भानू प्रताप पर हमला कर दिया और मोबाइल छीनने लगा। जब इस घटना की वीडियो सहयोगी राजेंद्र पटेल ने अपने मोबाइल में वीडियो बनाने को फोन निकला तो उस पर हमला करते हुए राजेंद्र का फोन पटक दिया जिससे वो टूट गया। और उनको कई चोट भी आई। मैनेजर द्वारा धमकी दी गई कि मैं तुम लोगों को जान से मरवा दूंगा। घटना की सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है की मैनेजर ललित गुप्ता द्वारा पत्रकार भानू प्रताप के ऊपर हमला किया गया है।

# रोडवेज की राह में उद्घाटन का रोड़ा



ललितपुर। रोडवेज डिपो बनकर तैयार होने के बाद विभाग को हैंडओवर हुए छह माह से अधिक का समय हो गया, लेकिन अब तक इसका उद्घाटन नहीं हो सका। करीब महीनेभर पहले मुख्यमंत्री झांसी तक आए, लेकिन जनप्रतिनिधि उनसे इसका उद्घाटन नहीं करा सके। इसका खामियाजा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्हें टेंपो या डग्गामार वाहनों से यात्रा करनी पड़ रही है।

यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 2015 में रोडवेज डिपो की सौगात मिली थी। सात करोड़ रुपये से जमीन खरीदकर सात एकड़ भूमि पर 4.99 करोड़ से निर्माण शुरू किया गया। इसे वर्ष 2018 में पूर्ण किया जाना था, लेकिन कभी हाईटेंशन लाइन तो कभी पत्थर रोड़ा बने। यह समस्या दूर हुई तो पानी का संकट आ गया। किसी तरह ये बाधाएं भी दूर हुईं और सात माह पहले रोडवेज डिपो बनकर तैयार हो गया। विभाग को सुपुर्द भी हो गया, लेकिन संचालन शुरू नहीं हो सका। यह स्थिति तब है जब कई रूटों पर बसों का संचालन शून्य है। कई पर दिन में एक या दो ही बसें चलती हैं।

### दस्तावेजों में दर्ज हैं 20 बसें, सड़कों पर न के बराबर

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नाराहट (ललितपुर)। जामनी बांध से ललितपुर, धौर्रा, जाखलौन से झांसी के लिए 20 परमिट जारी किए गए हैं, लेकिन सड़कों पर ज्यादातर बसें नदारद हैं। महज आठ बसों का संचालन हो रहा है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। ललितपुर से जामनी बांध आने के लिए पहली बस दोपहर 12 बजे चलती है, जो नाराहट में दोपहर दो बजे पहुंचती है। सुबह से बस न होने के कारण लोग समय से नहीं पहुंच पाते। इसी तरह शाम को अंतिम बस नाराहट से चार बजे ललितपुर के लिए चलती है। इसके बाद कोई साधन नहीं है, जिससे मुख्यालय आ सकें।

वर्ष 2015 में दो बसों का संचालन शुरू किया गया था, जो सुबह आठ बजे ललितपुर से जामनी बांध के लिए चलती थीं। वहीं शाम छह बजे जामनी बांध से ललितपुर के लिए चलती थीं। इससे आसानी से लोग नाराहट से आ-जा सकते थे, लेकिन अब ये बसें बंद पड़ी हैं।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। पत्थर से हमला कर वृद्ध बाप की जान लेने के आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया। कोतवाली अंतर्गत ग्राम रजवारा निवासी वृंदावन (62) पर पांच अप्रैल की देर रात उसके पुत्र नरेंद्र उर्फ नरेश ने शराब के नशे में पत्थर से हमला कर दिया था।

# भये प्रगट कृपाला दीन दयाला, कौशल्या हितकारी...

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

ललितपुर। घर से लेकर मंदिर और सड़क तक रामनवमी का उल्लास दिखा। मंदिरों में श्रीराम का जन्म होते ही जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने भये प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी, हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप विचारी... गाया। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। भगवान राम की आरती के साथ ही मंदिरों में प्रसाद का वितरण किया गया। महिलाओं ने बधाई गीतों के साथ भजन संकीर्तन किया। रामराजा मंदिर में सुबह से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जबकि दोपहर में रामजन्म और दोपहर में तीन बजे से हवन का आयोजन हुआ। घरों पर भी महिलाओं ने भजन गाए।

रामनवमी का महा उत्सव रविवार को चौबयाना स्थित श्रीरघुनाथजी मंदिर, मुरलीधर मंदिर रावरपुरा, महावीरपुरा स्थित मदनमोहनजी मंदिर, लक्ष्मीपुरा स्थित रामराजा मंदिर, घंटाघर स्थित जगन्नाथजी मंदिर, परमहंस मंदिर, धनुषधारी मंदिर, नृसिंह मंदिर, तुवन समेत अन्य मंदिरों में बड़े ही श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। दोपहर 12 बजे मंदिरों में रामजन्म होने पर गाजे-बाजे के साथ उत्सव मनाया गया। श्रीरघुनाथजी मंदिर में दोपहर ठीक 12 बजे राम का जन्म होते ही जैसे ही गर्भगृह से पर्दा हटा, भगवान राम के दर्शन पाते ही ढोल-बाजे बजने शुरू हो गए। महिलाओं ने बधाई गीत गाए। इस दौरान भगवान को पालने में बैठाकर लोगों के दर्शन के लिए बाहर चबूतरे पर लाया गया, जहां श्रद्धालु भगवान की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दिए।

इसके बाद भगवान राम की भव्य आरती का आयोजन हुआ। भगवान को भोग लगाया गया और फिर प्रसाद का वितरण किया गया। इसी प्रकार रावरपुरा स्थित मुरलीधर मंदिर में भी भगवान राम का जन्म होते ही बधाई गीत के साथ महिलाओं ने मंगल भजन कीर्तन किए। जबकि, रामराजा मंदिर में सुबह आठ बजे से सुंदरकांड पाठ और दोपहर में रामजन्म महोत्सव का आयोजन किया गया। दोपहर में तीन बजे से हवन पूजन किया गया। वहीं, श्रीजगन्नाथजी मंदिर में भी रामजन्म होने के बाद गाजे-बाजे के साथ बधाई गीत गाए। भगवान को पालकी में विराजमान कर भक्तों के दर्शन के लिए बाहर लाया गया।

# होनहार बच्चों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

पहाड़ी, चित्रकूटः प्राथमिक विद्यालय चकजाफर में सोमवार को स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम अंतर्गत वार्षिकोत्सव, प्रवेशोत्सव व शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को अगली कक्षा के अनुसार स्टेशनरी प्रदान की गई। सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ठ प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थी के अभिभावक सविता देवी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने कहा कि यदि शिक्षक चाह लें तो प्रत्येक लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। बच्चे भगवान के रूप होते हैं इसलिए उनके लिए सभी शिक्षक समर्पित होकर कार्य करें, तभी समाज में सम्मान प्राप्त होगा। कहा कि जहां अच्छा कार्य किया जाता है, वहां ईश्वर का वास होता है और जहां ईश्वर का निवास होता है, वहां सब अच्छा ही अच्छा होता है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह है कि यदि स्टाफ मेहनत से कार्य करते हुए आपके बच्चों को बेहतर शिक्षा दे रहा है, तो आपको कहीं भी भटकने की आवश्यकता नहीं है। आप सभी नामांकन में वृद्धि के लिए सहयोग प्रदान कर बढोत्तरी कराएं। शासकीय विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाएं निजी विद्यालयों से ज्यादा बेहतर है।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिल्पा चैहान ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। साथ ही अभिभावकों से संवाद, सम्पर्क एवं परस्पर पूरकता के आधार पर कार्य को प्राथमिकता देते हैं। वार्षिक उत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रगति और छात्रों की रुचियों एवं प्रगति का लेखा-जोखा जानने का एक सुअवसर होता है। शैक्षणिक सत्र के आरम्भ में प्रवेश उत्सव के माध्यम से विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों का स्वागत किया जाता है और उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाता है। बताया कि स्कूल चलो अभियान के माध्यम से समुदाय को प्रत्येक बच्चे को स्कूल भेजने के लिए जागरूक किया जाता है।

इस मौके पर खण्ड शिक्षाधिकारी मुख्यालय शशांक शेखर शुक्ला, खण्ड शिक्षाधिकारी पहाड़ी रमेश कुमार, धीरेंद्र कुमार, नोडल संकुल शिक्षक हीरालाल सिंह, प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सुधा देवी, सहायक अध्यापक मनोज मिश्रा, शिखा गुप्ता अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# अवैध खनन की रोकथाम के संबंध में जिला कलक्टर ने ली संबंधित अधिकारियों की बैठक

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी, 7 अप्रैल। राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के दृष्टिगत अवैध खनन के प्रभावी रोकथाम के लिए जिले में सघन अभियान चलाया जाएगा। अवैध खनन की रोकथाम के लिए अभियान के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में सोमवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि अवैध खनन की कार्यवाही में शामिल अधिकारियों व कार्मिकों का यह दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण समर्पण भाव से करें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर सख्ती से कार्यवाही की जावें। इसके लिए सभी विभाग बेहतर तालमेल के साथ मिलकर सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस, प्रशासन, वन विभाग,



परिवहन विभाग तथा खनिज विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। खनन माफियाओं पर सख्त कार्यवाही हों। अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जावें। उन्होंने निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों में बडे. स्टॉक पर कार्यवाही के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त रहें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, संबंधित उपखण्ड अधिकारी, पुलिस उप अधीक्षक, तहसीलदार एवं रेंजर आपसी समन्वय बनाकर कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए कि चैक पोस्ट बनाये जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध खनन करने वालों पर अधिकतम जुमार्ना लगाया जावें। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जावें।उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि 177 के तहत अधिकाधिक कार्यवाही हों। इस संबध में संबंधित उपखंड अधिकारी लक्ष्य निर्धारित कर कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध खनन की सूचना पर खनिज विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचे। जिला कलक्टर ने उपखंड अधिकारी लाखेरी को निर्देश दिए कि लाखेरी व केशवरायपाटन क्षेत्र में पुलिस व खनिज विभाग की टीम के साथ मिलकर कार्यवाही करें। उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों की सूची तैयार करें और उसी के अनुरूप कार्यवाही भी हों।

इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने निर्देश दिए कि जिले के डाबी क्षेत्र में अवैध खनन की प्रभावी रोकथाम के लिए अधिकतम जांच की जावें।बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, उपखंड अधिकारी बूंदी एचडी सिंह, पुलिस उप अधीक्षक बूंदी, जिला परिवहन अधिकारी रजनीश विद्यार्थी एवं खनि अभियंता द्वितीय सहदेव सारण मौजूद रहे।

# अभिभाषक परिषद भवन में उत्साह से 67 यूनिट किया रक्तदान

## न्यायिक अधिकारियों ने भी किया रक्तदान

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 7 अप्रैल। उत्साह से 67 यूनिट किया रक्तदान 7 अप्रैल 2025 अभिभाषाक परिषद बूंदी, सकल जैन समाज बूंदी, भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण महोत्सव, जेसीआई बूंदी ऊर्जा महिला अधिकारिता विभाग बूंदी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बूंदी के संयुक्त तत्वाधान से बूंदी ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए अत्यधिक उत्साह से अभिभाषक परिषद बूंदी के सदस्य, सकल जैन समाज बूंदी , जेसीआई बूंदी ऊर्जा , महिला अधिकारिता डिपार्मेंट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीमती सरिता मीना, मजिस्ट्रेट सिद्धांत सक्सेना, बार सचिव संजय जैन, अधिवक्ता अजय मीना, शुभम जैन, कमलेश शर्मा, आदित्य भंडारी , आदिति जैन, ब्रजमोहन गौतम, सुमित पारीक, सुरेश रघुवंशी, राजकुमार गोयल, किन्सुख पारीक, प्रहलाद वर्मा आदि के द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला जज अजय शुक्ला जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिभाषिक परिषद बूंदी



के अध्यक्ष चंद्रशेखर जी शर्मा द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीना व कांग्रेस के पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा रहे। महिला अधिकारिता डिपार्टमेंट के सहायक निदेशक भेरू प्रकाश नागर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रभाकर विजय साथ ही न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्रा, सलीम ब्रदर, पारिवारिक न्यायाधीश श्रीमती सुमन गुप्ता, एमएसीटी 1 न्यायाधीश अर्चना मिश्रा, एमएसीटी 2 नीरजा दाधीच, एडीजे 2 मीनाक्षी मीना, एसीएसटी न्यायाधीश संजय गुप्ता, एमजेएम आदित्य वशिष्ठ, जेएम 3 वृष्टि विज, चिल्ड्रन कोर्ट के न्यायाधीश अंबिका सहित अभिभाषक परिषद बूंदी की सहसचिव कविता कहार कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार लाठी , उपाध्यक्ष नारायण सिंह, पुस्तकालय सचिव सुरेन्द्र वर्मा, कार्यकारणी सदस्य जितेंद्र कुमार जैन, नईम हुसैन, अजय मीना, आदि मौजूद रहे।

साथ ही अभिभाषक परिषद के वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश पारीक, कैलाश नामधराणी, रमेश चंद भंडारी,औमप्रकाश शर्मा , जगदीश गुप्ता, अरविंद शर्मा, पदम कासलीवाल, पदम जैन रानू खंडेलवाल, एजाज अहमद, संजय शर्मा सहित सभी सभी अधिवक्ता मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में गोविंदम लैब के गोपाल ने बीपी और शुगर की निशुल्क जांच की गई। हर्बल सेंटर वालों ने अपनी सेवाएं दी ! कार्यक्रम के संचालनकर्ता एडवोकेट अंचल राठौर की मौजूद रहे

# भाजपा स्थापना श्रृंखला सप्ताह के दूसरे दिन गौशाला में गौ माता की पूजा की गई

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी । भाजपा स्थापना दिवस की श्रृंखला में चलाए जा रहे सप्ताह के दूसरे दिन सोमवार को बालचंद पाड़ा स्थित ब्रह्मांडेश्वर गौशाला में गो पूजन किया गया । कार्यक्रम संयोजक अशोक जैन ने बताया कि सर्वप्रथम गौ माता की चुनरी ओढाकर और आरती कर पूजा अर्चना की गई । उसके पश्चात गोवंश को गुड और चार खिलाया गया । मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने



बताया कि इस दौरान जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ,शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी ,जिला संयोजक संजय लाठी , शहर शहर संयोजक मनोज गौतम ,प्रभारी महावीर जैन, जिला परिषद सदस्य शक्ति सिंह आशावत ,पार्षद नवीन सिंह , बालकिशन सोनी, संजय भूटानी , आशीष शर्मा , .प्रमोद माहेश्वरी, गणेश नामा , लोकेश दाधीच, गणेश सैनी , पीतांबर सैनी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# टीबी मुक्त पंचायत पहल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बूंदी को मिला सम्मान



**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी, 7 अप्रैल। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से बूंदी जिले को वर्ष 2024 में टीबी मुक्त पंचायत पहल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया है। जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओ.पी.सामर को यह सम्मान प्रदान किया।

# पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन प्रस्तावों का किया गया प्रकाशन

खैरथल-तिजारा, 7 अप्रैल। जिला खैरथल तिजारा की पंचायती राज संस्थाओं की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत दिनांक 7 अप्रैल 2025 को जिले की पंचायत, पंचायत समितियां व नवगठित जिला परिषद के प्रस्तावों का प्रकाशन किया गया।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया की इन प्रस्तावों में जिले में दो नई पंचायत समितियां तिजारा से टपूकड़ा तथा मुंडावर से ततारपुर प्रस्तावित की गई है, तैयार पुनर्गठन प्रस्तावों के आधार पर जिले में कुल 34 नई पंचायत के प्रस्तावों का प्रकाशन किया गया है इसके पश्चात जिले में कुल पंचायतो की संख्या 175 हो जाएगी। प्रकाशित प्रस्तावों के अनुसार पंचायत समिति किशनगढ़ बास में पांच नवसृजित, 20 पुनर्गठित तथा 6 पंचायत यथावत प्रस्तावित की गई है जिससे पंचायत समिति किशनगढ़ बास में कुल 31 ग्राम पंचायतो का प्रकाशन किया गया है।

इसी प्रकार पंचायत समिति कोटकासिम में 7 नवसृजित, 19 पुनर्गठित व 6 यथावत सहित कुल 32 ग्राम पंचायत तथा तिजारा पंचायत समिति में 6 नवसृजित 14 पुनर्गठित तथा 9 यथावत पंचायत सहित कुल 29 ग्राम पंचायत प्रस्तावित की गई है।

इसी प्रकार पंचायत समिति मुंडावर में चार नवसृजित 10, पुनर्गठित व 14 यथावत सहित कुल 28 ग्राम पंचायतो का प्रकाशन किया गया है।

इसके साथ ही नई प्रस्तावित पंचायत समिति ततारपुर में पांच नवसृजित, 10 पुनर्गठित व 11 यथावत सहित कुल 26 व नवसृजित पंचायत समिति टपूकड़ा में 7 नवसृजित, 14 पुनर्गठित व 8 यथावत ग्राम पंचायत के साथ कुल 29 ग्राम पंचायतो का प्रकाशन किया गया है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने बताया की प्रकाशित किए गए प्रस्तावों पर कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्तियां एक माह के दौरान 7 अप्रैल से 6 मई तक संबंधित उपखंड अधिकारी , तहसीलदार अथवा जिला कलेक्टर खैरथल-तिजारा के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं ।

# परेशानी:ऑनलाइन आवेदन करने के बाद भी समय पर नही बन पा रहे जाति, मूल निवास,ईडब्लूएस प्रमाण-पत्र

**ब्यरो -एनपीटी**

खैरथल : खैरथल तहसील ,उपखंड में जाति प्रमा -पत्र , ईडब्लूएस प्रमाण पत्र समय पर जारी नही होने से कस्बे सहित क्षेत्र के आवेदकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबित होने का कारण सुनकर आश्चर्य होता है कि टूल डाऊन है,हमारे यहां से कर दिया है ई-मित्र से पता करो ,आज हो जाएगा । ऐसे में शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश लेने वाले आवेदक वंचित हो रहे हैं। भर्तियों में मिलने वाला लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।तहसील कार्यालय व ई-मित्र के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उपखंड व तहसील कार्यालय में जाति प्रमाण पात्र,ईडब्लूएस प्रमाण पत्र के अभाव मे आरटीई मे प्रवेश लेने मे भी परेशानी हो रही है आवेदन नही हो पा रहे। क्रमानुसार प्रमाण पत्र जारी होने की बात कहकर उपखंड व तहसील कार्यालय से आवेदकों को टाल दिया जाता है। जबकि आलतु फालतु के आब्जेशन डाल कर सैंड बैक कर नीचे के क्रम के निकाल दिए जाते है इसमे कुछ ई-मित्र संचालक ओ की मिली-भगत का आरोप भी आवेदक लगा रहे है एक आवेदक ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया मैंने 25 अप्रेल को ईडब्लूएस प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया पूरे कागजात होने के बाद भी सैंड बैक किया कारण पिता की वोटर आईडी लगाये जबकि मूल निवास लगा हुआ है जो बिना वोटर आईडी बनता ही नही मैने 27 अप्रेल को रि समिट किया जो आज तक देखा तक नही गया जबकि दो बार मै तहसीलदार कार्यलय जाकर निवेदन कर चुका हूं

डिप्लोमा इन एज्युकेशन राज. तथा अन्य केंद्रीय संस्थानो मे एडमिशन फार्म की तिथि नजदीक है ऐसे मे समय पर प्रमाण पत्र ना बन पाने से आवेदक परेशान और निराश है

# सरकारी स्कूल की शिक्षिका का विवादित बयान वायरल

बालोतरा जिले के कल्याणपुर ब्लॉक की विरधाणियों की ढाणी स्थित एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका के धमकी भरे व्यवहार और शिक्षकों की लापरवाही का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल होने के बाद यह मुद्दा शिक्षा विभाग और प्रशासनिक हलकों में चर्चा का केंद्र बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल में शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं रहते, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। इसी संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने स्कूल प्रधानाचार्य को एक लिखित शिकायत सौंपी थी, जिसमें शिक्षकों की अनुपस्थिति और लापरवाही का उल्लेख किया गया था।

# टेम्पो चालक की लापरवाही से 22 वर्षीय युवक की हुई दर्दनाक मौत

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल !शहर के मातौर रोड़ स्थित हरियाली तिराहे पर सोमवार को सवेरे करीब साढ़े दस बजे एक टेम्पो चालक की लापरवाही से परिवार का इकलौता चिराग ने हमेशा के लिए आँखे मूंद ली !

मिली जानकारी के अनुसार मातौर रोड़ स्थित हरियाली तिराहे पर शहर के मातौर रोड़ निवासी 22 वर्षीय युवक कार्तिक मणिकांत शर्मा पैदल सड़क के किनारे जा रहा था की पीछे से एक टेम्पो चालक ने बैक गियर में तेजी से चलाते हुए कार्तिक को टक्कर मार दी !प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया की टक्कर के बाद युवक निचे गिर गया जिस पर टेम्पो के पहिये चढ़ गए !बुरी तरह जख्मी हुए कार्तिक को लोगो ने गंभीर हालत में अलवर भर्ती करवाया !

अलवर में युवा ब्राह्मण सभा टीम के कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर की सलाह पर जयपुर रेफेर करवाया लेकिन स्थिति इतनी खराब थी कि परिवार का इकलौता बेटे ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया ।

बताया जाता है की मृतक की माँ मातौर रोड़ पेट्रोल पम्प के सामने मंदिर में पूजा पाठ करती है !पिता चाय की होटल चलाते है !

# ढाणी भूराला में लालदास महाराज की द्वितीय पुण्यतिथि पर लगा भंडारा

## झड़ायां धाम के महंत सीताराम दास महाराज सहित संतों हुआ सम्मान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। उदयपुरवाटी उपखंड क्षेत्र के पचलंगी झड़ायां नगर की ढाणी भूराला में दादू दयाल महाराज की अनुकंपा से ब्रह्मलीन संत लाल दास महाराज की पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन किया गया। समाधि पूजन के बाद महाआरती की गई तत्पश्चात प्रसाद का भोग लगाकर भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। नरेना धाम के महंत द्वारा दादू वाणी के पाठ किए गए। भंडारे में आसपास के कई गांव के



ग्रामीणों ने प्रसादी पाई। वही झड़ायां बालाजी आश्रम के महंत सीताराम दास महाराज, ईसरा दास आश्रम धनावता धाम के महंत सांवता राम का पुष्प हार पहनाकर और शॉल ओढाकर सम्मान किया गया। इस दौरान समाज सेवी मदनलाल भावरिया, महेंद्र सिंह तेतरवाल, मोहरु गुर्जर, शंकर लाल, मोठूराम, बालूराम, भगवाना राम, नंदा राम, पूर्ण सावर, मुकेश सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# भव्य झांकी और भगवा निशान के साथ निकली रामनवमी कि शोभायात्रा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। नवलगढ़ क्षेत्र के चिराना कस्बे में भगवान श्रीराम के जन्मदिन के उपलक्ष में रविवार को श्रीरामनवमी पर्व पर ग्राम चिराना मे विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का शुभारंभ सीकर रोड़ स्थित गणेश मंदिर से हुआ। यहां से शुरू होकर बस स्टेण्ड,लाल गट्टा, चारभुजा नाथ मंदिर,गायत्री मंदिर, गणगौरी चौक से होते हुए राम दरबार मंदिर में शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में भगवा ध्वज निशान लेकर चले,डीजे की धुन पर नाचते झूमते धर्म प्रेमी भगवा लहराते नजर आए और इस



शोभायात्रा में सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। शोभायात्रा में राम दरबार कि संजीव झांकी सजाई गई और प्रसाद वितरण किया गया। आयोजक श्रीराम जांगिड़ ने बताया कि प्रतिवर्ष शोभायात्रा का आयोजन संतों के सानिध्य में किया जाता रहा है। चिराना सहित आस पास के सभी हिंदू संगठनों के नागरिक शामिल होकर शोभायात्रा को सफल बनाया है। राम दरबार मंदिर में शोभायात्रा की आरती के बाद समापन किया गया।इस दौरान गोठड़ा पुलिस प्रशासन तैनात रहा। जगह जगह पर ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा की गई एवं जलपान कि सेवाएं भी रही।इस दौरान महन्त योगी दास महाराज,गोवर्धन सिंह,विनोद पारीक,विष्णु स्वामी,डॉ राजेन्द्र कुमावत, डॉ प्रताप राम कुमावत,बाबुलाल सैनी,प्रदुम्न गौतम, भवानी सिंह,सुरेश सैन,कैलाश सैनी, अंकित शर्मा,एडवोकेट बजरंग लाल सैनी,सुमित पारीक,जितेन्द्र सैन, रितिक सैनी,संदीप,कृष्ण चौहान,मौनी सैन,विकास कुमार राकेश कुमावत, जगदीश कुमावत सहित सैंकड़ों ग्रामीण इस शोभा यात्रा मेंउपस्थित रहे।

# शैडयूल के अनुसार किसानों का भुगतान करें थानाभवन चीनी मिल

## अनिल कुमारमंत्री ने दी चेतावनी : भुगतान न किया तो मिल के खिलाफ की जाएगी कडी कार्रवाई

■ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री ने थानाभवन मिल के गन्ना भुगतान की समीक्षा कर दिए निर्देश



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री अनिल कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में थानाभवन मिल के गन्ना भुगतान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों का गन्ना भुगतान कराना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने कहा कि मिल को शैडयूल के हिसाब से भुगतान करना होगा, यदि भुगतान न किया गया तो चीनी मिल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री अनिल कुमार ने थानाभवन शुगर मिल के गन्ना भुगतान समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मिल द्वारा पेराईसत्र 2024-25 का देय गन्ना भुगतान 374.20 करोड है जिसके सापेक्ष मिल द्वारा 73.08 करोड का भुगतान किया गया है तथा 301.12 करोड अभी शेष है। बैठक में मंत्री ने कहा कि किसानों का गन्ना भुगतान कराना हमारी प्राथमिकता है। चीनी मिल थानाभवन के यूनिट हैड जीवी सिंह ने बताया कि 5 दिन पूर्व एडीएम शामली की मध्यस्थता में किसानों के साथ वार्ता में यह तय हुआ था कि 8 मार्च तक 40 करोड का भुगतान देना होगा जिससे किसानों से सहमति भी बन गयी थी कि भुगतान होते ही धरना भी समाप्त कर दिया जाएगा, भुगतान 8 अप्रैल को ही होगा, जिस पर किसानों ने स्वीकृति दी। मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि मिल को शैडयूल के हिसाब से हर हाल में भुगतान करना होगा यदि भुगतान नहीं किया गया तो मिल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में चीनी मिल द्वारा गन्ना भुगतान के शैडयूल के अनुसार सितम्बर तक संपूर्ण भुगतान करने का आश्वासन दिया। बैठक में मंत्री द्वारा चीनी मिल शामली व ऊन की भी समीक्षा की। बैठक में सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली खान, डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एसपी रामसेवक गौतम, एडीएम संतोष कुमार सिंह, उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर ओमप्रकाश, जिला गन्ना अधिकारी शामली रणजीत सिंह कुशवाहा, थानाभवन मिल के यूनिट हैड जीवी सिह, जीएम केन लेखपाल सिंह सहित किसान भी मौजूद रहे।

### श्रीराम की शोभायात्रा निकाली

शामली। शहर के बडा बाजार स्थित मंदिर ठाकुरद्वारा में सोमवार को रामनवमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह के समय भगवान राम की पूजा अर्चना व आरती की गयी जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, इसके पश्चात मंदिर प्रांगण से श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम का रथ, प्रसिद्ध बैंड बाजों के अलावा भगवान श्रीराम, मां दुर्गा, राधा-कृष्ण, बाबा बजरंग बली, श्रीराम-लक्ष्मण, भगवान नरसिंह की सुंदर एवं आकर्षक झाकियों ने लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा का दुकानदारों द्वारा पुष्पवर्षा से जोरदार स्वागत भी किया गया

## पेट्रोल पंप पर बाइक सवार युवकों का हंगामा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग गांव जसाला के निकट स्थित पेट्रोल पंप पर लूट की नीयत बाइक सवार युवकों ने जमकर हंगामा किया। घटना के संबंध में पेट्रोल पंप के स्वामी ने कई लोगों के साथ थाने जाकर पुलिस को मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरु निवासी पूर्व प्रधान संजीव कुमार चौहान ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग 709 बी गांव जसाला के निकट रघुकुल फिलिंग स्टेशन के नाम से पेट्रोल पंप स्थित है। पूर्व प्रधान का आरोप है कि पट्रोल पम्प पर पिछले तीन दिने से लगातार पट्रोल पर लूट की नियत से गाव जसाला के युवक बाइक लेकर पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के लिए आते हैं। पिछले तीन दिनों से तेल भरवाने के बाद जब स्टाफ के लोग पैसे मांगते हैं तो उनके साथ उक्त बाइक सवारी युवक लड़ाई झगड़ा करते हैं। आरोप है कि सोमवार को बाइक सवार युवक पेट्रोल पंप पर पहुंचे और जबरन तेल भरवाने लगे। सेल्समैन ने मना किया तो आरोपी युवको ने पूरे स्टाफ को जान से मारने व पेट्रोल पंप पर लूट की घटना को अंजाम देने की धमकी दी। पेट्रोल पंप के मैनेजर ने पुलिस कर्मियों को सूचना देकर मौके पर बुला लिया आरोप है कि पुलिस के सामने भी आरोपी दबंगों युवको ने हत्या के धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित पेट्रोल पंप स्वामी संजीव ने पुलिस को गांव जसाला निवासी अमित, तरुण, शक्ति, सचिन के नामजद अन्य अज्ञात के विरुद्ध शिकायत की है।

### जाग होने के बाद बाइक छोड भाग चोर, मचा हडकंप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** किसान के घेर मे पशु चोरी के प्रयास मे घुसे बदमाश जाग होने पर मोटरसाईकिल छोड़ निकल गए पीड़ित किसान ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी किसान इसरार किसी कार्य के लिए रविवार को दिल्ली गया हुआ था रोजाना की भाती किसान के दुधारु पशु उसकी घेर मे बंधे थे किसान इसरार के अनुसार जब वह देर रात दिल्ली से लौट रहा था तो घेर के बाहर 2 मोटरसाईकिल खड़ी हुई थी किसान इनको देखने के बाद घेर की ओर चल दिया किसान को अपनी ओर आता हुआ देखकर बदमाशों मे भगदड़ मच गई किसान के शोर मचाने पर आस पास के लोग भी मौके पर जमा हो गए बदमाशो की मोटरसाईकिल मौके पर ही रह गई किसान ने मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों मोटरसाईकिल को अपनी गिरफ्त मे लेकर थाने ले आए किसान इसरार ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं पुलिस मोटरसाईकिल ओर आस पास लगे सी सी टी वी फूटेज से बदमाशों की तलाश कर रही हैं

# गोदाम से चोरी की टाईल्स बेचने जा रहे 5 चोर दबोचे

## नहर पटरी पर चेकिंग के दौरान पकडे गए चोर, चोरी की टाईल्स समेत पिकअप बरामद



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** टाइल्स गोदाम की डुप्लीकेट चाबी बनवाकर दो कर्मचारियों ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर गोदाम से लाखों रुपयों का सामान चोरी कर लिया। सामान बेचने जाने के दौरान पुलिस चेकिंग में आरोप पकड़े गए। पुलिस ने पांचों आरोपियों के कब्जे से गोदाम से चोरी किया गया सामान, वाहन आदि बरामद किया है।
रविवार की रात आदर्श मंडी पुलिस ने पूर्वी यमुना नहर पटरी पर चेकिंग के दौरान कैराना रोड की ओर से रही एक पिकअप आते देख कर रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर आरोपी पिकअप से उतरकर भागने लगे। लेकिन पुलिस ने पीछा करते हुए उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियां ने अपने नाम विजय पुत्र महक पाल, दीपक पुत्र श्योराज, कपिल पुत्र देवराज, पुष्कर पुत्र सुधीर और अनुज पुत्र ओमसिंह निवासी अटल विहार शामली बताए हैं। वहीं पुलिस ने पिकअप से टाइल्स, फ्लैश शीट, कैमिकल बैग, चाबी का गुच्छा, फर्जी बिल, मोबाईल व घटना में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी बरामद किया। पूछताछ में आरोपी विजय ने बताया कि वह शामली शहर के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी सोनू गर्ग की कंडेला स्थित टाइल्स के गोदाम जयदुर्गा मार्बल्स पर कार्य करता है, वहीं पर अनुज पुत्र ओम सिंह भी होल्सेल का कार्य करता है। हम दोनों ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर गोदाम की दूसरी चाबी बनवाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। थाना प्रभारी राजेंद्र गिरी ने बताया कि पकड़े गए पांचों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

### चोरी की बाइक के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार

शामली। शहर कोतवाली पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। शहर के मौहल्ला गगन विहार निवासी मनोज की बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था जिसके संबंध में पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गयी बाइक भी बरामद कर ली है। पूछताछ में चोरों ने अपने नाम रोबिन पुत्र अजय व आर्यन पुत्र भेलू निवासी गांव रार्धना थाना सरधना जनपद मेरठ को गिरफ्तार कर लिया है।



### फिल्म मंदबुद्धि के मुहुर्त पर पहुंचे हरियाणवी स्टार

शामली। शहर के एक निजी रेस्टोरेंट में देहाती फिल्म मंदबुद्धि के मुहुर्त को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुहुर्त में भाग लेने के लिए हरियाणवी फिल्म स्टार प्रताप धामा भी शामली पहुंचे जहां उनका स्थानीय कलाकारों एवं मन मूवीज के कलाकारों द्वारा स्वागत किया गया। प्रताप धामा ने शॉट देकर फिल्म का मुहुर्त किया। फिल्म के प्रोडयूसर तथा हीरो राजीव मलिक व मदन प्रधान ने बताया कि फिल्म में हीरो की भूमिका राजीव मलिक व हीरोईन की भूमिका निक्की राणा निभाएंगी। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग 16 अप्रैल से शुरू होगी। इस अवसर पर जितेन्द्र कालखंडे, सुनील कालखंडे, प्रदीप मायूस आदि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बालीवुड फिल्म अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गयी।

## संक्षेप समाचार :

### गढ़ी हसनपुर में दो पक्षों में मारपीट, मां-पुत्र घायल

चौसाना। गढ़ी हसनपुर में दो पक्षों के बीच रात्रि के समय आपसी कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। झगड़े में एक मां और उसके पुत्र को चोटें आईं, साथ ही आरोप है कि उनके घर में तोड़फोड़ की गई। घायल मां को तत्काल मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। घटना पुराने विवाद के चलते हुई। दोनों पक्षों के बीच बहस के बाद स्थिति बिगड़ गई और मारपीट शुरू हो गई। आरोपियों ने घर में तोड़फोड़ की और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में जुटी है।पीडितो ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आगे की जांच चल रही है। पीड़ित ने पुलिस को लिखित शिकायत की है।

### रामनवमी के बाद मंदिर में भण्डारे का आयोजन

कांधला रामनवमी के पावन पर्व के बाद नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर में भण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकडों लोगों ने मंदिर प्रांगण में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। रामनवमी के पावन पर्व पर नगर पालिका प्रशासन कांधला की तरफ से नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन कराया गया था। जिसमें कर अधीक्षक श्रीमती शीतल गुप्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक शैशिल मलिक, अवर अभियंता जलकर अनिल कुमार, पालिका लिपिक अशोक कुमार, अमरेश कुमार, राजीव कुमार जैन, भाजपा नेता तरूण अग्रवाल, संजय मित्तल, राम कुमार सिंघल, श्याम कुमार सिंघल, नीरज गुप्ता, प्रमोद शर्मा, अशोक महेश्वरी, के साथ मंदिर कमेटी के लोगों ने भाग लिया। सुंदरकांड के समापन पर भगवान को भोग लगाकर प्रसाद का वितरिण किया गया। वही सोमवार को मंदिर कमेटी के द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया।

### वित्तविहीन विद्यालय के ब्लॉक अध्यक्ष बने अफजाल सैफी

कैराना। माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय महासभा की वार्षिक बैठक का आयोजन गया। इस दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी का भी गठन किया गया,जिसमें अफजाल सैफी को ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय महासभा की वार्षिक बैठक का देवी माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र शर्मा तथा संचालन प्रदेश संगठन मंत्री रामपाल सिंह जांगड़ा ने किया। इस दौरान ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सदर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अनिल चौधरी व विनोद मित्तल को महासचिव तथा थाना भवन ब्लॉक का पवन कुमार को अध्यक्ष तथा विनय शर्मा को महासचिव, ऊँन ब्लॉक में पवन मान को अध्यक्ष और गौरव सैनी को महासचिव, जबकि कैराना ब्लॉक में अफजाल सैफी को अध्यक्ष व रवि मित्तल को महासचिव तथा ब्रह्मपाल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं कांधला ब्लॉक में सावंत को अध्यक्ष तथा कुलबीर को महासचिव नियुक्त किया गया। साथ ही जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी को सामाजिक व राजनीतिक लोगों द्वारा शुभकामनाएं ज्ञापित की गई हैं।इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, राजेश शर्मा,अंकित कुमार तोमर, गजेन्द्रकुमार, कुसुमपाल तोमर,अमित कुमार, सौराज सिंह, रजत मित्तल, घनश्याम सारस्वत, तरुण भारद्वाज,गजेन्द्रसिंह, मुज्जफरखान, तफ्जुल्ल मिर्जा उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शाओं पर कार्रवाई होने से चालकों में दिखा आक्रोश

## कुडाना रोड पर किया प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट पहुंचकर की रिक्शाओं को नियमित कराने का समय बढाने की मांग





**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** एआरटीओ द्वारा शहर में ई-रिक्शाओं पर की जा रही कार्रवाई को लेकर ई-रिक्शा चालकों में आक्रोश बढता जा रहा है। सोमवार को ई-रिक्शा श्रमिक कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में सैंकडों ई-रिक्शा चालकों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तथा डीएम को प्रार्थना पत्र देकर ई-रिक्शाओं को नियमित कराने के लिए एक माह का समय देने की मांग की। सोमवार को ई-रिक्शा श्रमिक कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में सैंकडों की संख्या में ई-रिक्शा चालक शहर के कुडाना रोड स्थित शहीद प्रवेन्द्र निर्वाल स्मारक पर एकत्र हुए तथा एआरटीओ द्वारा ई-रिक्शाओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर कडा आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ई-रिक्शा चालक पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा डीएम को संबोधित प्रार्थना पत्र सौंपा। संगठन के अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि ई-रिक्शा रोजमर्रा के कामों को गति प्रदान करने के लिए एक आवश्यक यातायात का साधन ही नहीं बल्कि मजदूर समाज के रोजी रोटी का भी विषय है। ई-रिक्शाओं को नियमित करने के आदेश पर प्रशासन द्वारा ई-रिक्शाओं का चालान कर अर्थदंड लगाना उचित नहीं है। सभी चालकों ने बैठक करके यह निर्णय लिया है कि यातायात के उत्तम प्रबंधन के लिए सभी चालक प्रशासन का सहयोग करेंगे तथा अपनी रिक्शाओं को भी नियमित कराएंगे इसके लिए एक महीने का समय प्रदान किया जाए ताकि सभी चालक अपने-अपने कागजात पूरे कर सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पूरी न हुई तो दस दिन के बाद सभी ई-रिक्शा चालक अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ जाएंगे। इस अवसर पर आसिफ खेडी, रविद्र, योगेन्द्र, हाशिम, इंतजार, देवेन्द्र, नरेन्द्र, जावेद, अवनीश, रामफल कश्यप, पूरनसिंह, अर्जुन सिंह, रणपाल, राजकुमार, कृष्ण, संजय, धर्मेन्द्र, सुधीर आदि मौजूद रहे।

## भाजपा की स्थापना पर स्वास्थ्य केंद्र कैंप आयोजन



कांधला, सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी मंडल कांधला के तत्वधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प लगाए गए। जिसका उद्घाटन नगर अध्यक्ष डॉ रश्मिकांत जैन ने फिता काटकर किया। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष पर चल रहे सामाजिक न्याय सप्ताह अभियान के निमित्त निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। एक दूसरे निशुल्क कैंप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रामवीर सिंह अन्य डॉक्टरों ने उपस्थित होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचने वाले मरीजो की जांच कर दवाई वितरित की गया। मेले में कोई दर्द तो कोई बुखार से पीड़ित पहुंचा। चिकित्सकों से परामर्श लेकर दवा ली। इसके साथ ही कुछ मरीजों के ब्लड की जांच भी हुई। मेले में 200 मरीजों का इलाज हुआ।नगराध्यक्ष डाक्टर रश्मिकांत जैन कहा कि भाजपा की स्थापना छह अप्रैल 1980 को हुई थी। तब से लगातार पार्टी राष्ट्रवाद की नीति पर चलकर दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने संगठनात्मक ढांचे में निरंतर विकास किया है। प्रदेश में भाजपा सरकार की विभिन्न लोक-कल्याणकारी उपलब्धियों को गिनाया किया। इस दौरान दीपक गुप्ता, अशोक, अजय जैन सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### गर्मी ने किया मुहाल, जन-जीवन हो रहा प्रभावित

शामली। अप्रैल माह में तापमान में भी धीरे-धीरे बढोत्तरी हो रही है जिस कारण लोग गर्मी से मुहाल नजर आ रहे हैं। सोमवार को भी गर्मी से जनजीवन प्रभावित नजर आया। सुबह से ही गर्मी के कारण लोग परेशान नजर आए। दोपहर के समय तेज धूप के कारण बाजारों में चहल पहल भी कम ही नजर आयी। बाजारों में खरीददारी करने आए लोग धूप से बचाव के लिए सिर पर कपडा रखे नजर आए। गर्मी के बढने के साथ ही बाजारों में एसी, कूलरों की बिक्री बढी है।

## ईगल्स उड़ान एकेडमी के छात्र-छात्राओं का अटल, नवोदय व सर्वोदय विद्यालयों में चयन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** कस्बे की ईगल्स उड़ान एकेडमी के आठ छात्र-छात्राओं का ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा संचालित अटल, नवोदय एवं सर्वोदय विद्यालयों में चयन हुआ है। एकेडमी प्रबंधन ने चयनित छात्र-छात्राओं को मालाएं पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया है। तहसील परिसर के पीछे नवीन नगर कॉलोनी में स्थित ईगल उड़ान एकेडमी के संचालक मुबारिक रावल व वकील चौहान ने बताया कि उनकी एकेडमी में कोचिंग प्राप्त करने वाले आठ छात्र-छात्राओं का अटल आवासीय विद्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय(सर्वोदय) तथा जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षिक सत्र-2025-26 के लिए चयन हुआ है। इन छात्र-छात्राओं में अरमान चौहान, शादान, अब्दुल्ला, नाहिद, तरब, साद, हमजा, अहमद शामिल है। इनमें अरमान चौहान गांव दभेड़ी खुर्द निवासी एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री मुंशाद अली चौहान का पुत्र है, जबकि अब्दुल्ला मुस्तकीम मल्लाह का बेटा है। प्रवेश परीक्षा में चयनित शादान व नाहिद आपस में भाई-बहन है। वह क्षेत्र के गांव भूरा निवासी दीन मोहम्मद के बच्चे है। छात्र अब्दुल्ला का चयन पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय(सर्वोदय) के लिए हुआ है, जिसने सहारनपुर मंडल में चौथा स्थान प्राप्त किया है। अब्दुल्ला ने कक्षा आठ तक की शिक्षा कैराना के खुरगान मार्ग पर स्थित जामिया हमीदिया तालीम-उल-कुरान से प्राप्त की है। वहीं, चयनित छात्र-छात्राओं को ईगल्स एकेडमी प्रबंधन द्वारा मालाएं पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया है। संचालक मुबारिक रावल व वकील चौहान ने बताया कि अभी तक दर्जनों छात्र-छात्राएं कोचिंग प्राप्त कर चुके है। उन्होंने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षकों व कर्मचारी को दी भावभीनी विदाई



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
कैराना। सोमवार को कस्बे के प्राचीन सिद्धपीठ बाबा बनखंडी महादेव मंदिर परिसर में सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी कैराना सुशील कुमार शर्मा ने द्वीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान सेवानिवृत्त हुए शिक्षक सत्येंद्र कुमार, धर्मपाल सिंह, खलील अहमद, महबूब अली, विमला देवी व राजेश कुमार एवं शिक्षामित्र जमशेद अली तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजपाल शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, इन्हें प्रतीक चिन्ह, छाता, गीता व कुरान भी भेंट की गई। जिला समन्वयक अमित कुमार, राहुल कुमार, एसआरजी प्रवीण कुमार शर्मा व सुनील कुमार आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी सचिन कुमार व गजानंद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर गुलाब सिंह, संजय कुमार देशवाल, अमित कुमार, पीयूष कुच्छल, शीशपाल, सूरज प्रताप सिंह, इकबाल अहमद, साजिद अली, विक्रम सिंह, नाजिम अली, हारून चौहान, अमित कुमार, दुर्गेश कुमार, विनय कुमार, वासिल अली, आशीष कुमार, नरेंद्र कुमार, अशोक चौहान, रश्मि रानी, सुलोचना कुमारी, पारुल त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का समापन

## अंतिम दिन पैरा खिलाडियों ने विभिन्न स्पधाओं में दिखाई अपनी प्रतिभा, एमएलसी मोहित बेनीवाल ने किया सम्मानित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** होली चाइल्ड स्पोटर्स एकेडमी में चल रही तीसरी जूनियर व सब जूनियर यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का सोमवार को समापन हो गया। अंतिम दिन विभिन्न स्पधाओं में पैरा खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किए। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाडियों को सम्मानित किया गया।
पैरा स्पोटर्स एसोसियेशन सहारनपुर मंडल कोआर्डिनेटर जबरसिंह खैवाल व कर्मणीय सर्वहित संस्था के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल व सचिव कृष्ण मित्तल ने बताया कि होली चाइल्ड स्पोटर्स एकेडमी में आयोजित दो दिवसीय तृतीय जूनियर एवं सब जूनियर यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का सोमवार को समापन हो गया। अंतिम दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी मोहित बेनीवाल व कर्नल चंद्रप्रकाश भदौला ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में पैरा खिलाडियों ने अपनी-अपनी स्पधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। जबरसिंह खैवाल ने बताया कि 100 मीटर टी-44 में राधिका प्रथम, रानी द्वितीय, तनीषा तृतीय, टी-35 में निशा प्रथम, सुमाया द्वितीय, राधिका तृतीय, टी-46 में बिट्टू यादव प्रथम, नेहा द्वितीय व शालू तृतीय, टी-44 में अब्जूर प्रथम, मोमीन द्वितीय, टी-35 में प्रियांशु प्रथम, कार्तिक द्वितीय व विष्णु तृतीय रहे। इसके अलावा टी-46 में अरमान प्रथम, साहिल द्वितीय, अक्षय तृतीय, टी-46 श्रयाणस प्रथम, रोहित द्वितीय व हिमांशु तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता खिलाडियों को मुख्य अतिथि मोहित बेनीवाल ने मैडल, प्रमाण पत्र व ट्राफी से सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान, कुशल चौहान, रामजीलाल कश्यप, घनश्याम दास गर्ग, सुखचैन वालिया, आजाद चौधरी, संजीव तोमर, वैभव गोयल, अंकित, जयदेव आदि भी मौजूद रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर छात्राओं को कराया योग का अभ्यास

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। छात्राओं को विभिन्न यौगिक क्रियाओं का अभ्यास भी कराया गया। सोमवार को कालेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर छात्राओं को अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि का अभ्यास भी कराया गया। शिक्षक संजीव कुमार ने बताया कि 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई थी और 1950 से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है जिसका इसका उद्देश्य सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है इस बार की थीम महिलाओं की सुरक्षा और बच्चों की मृत्यु दर को कम करना ही सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हमें अधिक मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए।

**आवश्यकता है**
दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

# वक्फ संशोधन बिल वापस लेने हेतु डॉ इरफान अंसारी ने की मांग

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, वक्फ संशोधन बिल को लेकर झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने एक बार फिर केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड की एक इंच भी जमीन दान में नहीं देंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने केन्द्र सरकार से वक्फ संशोधन बिल वापस लेने की मांग किया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ये सब साजिश के तहत बदनाम किया जा रहा है। कहा जब से केन्द्र सरकार ने लोकसभा में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पास किया है, तभी से इंडिया एलायंस के नेता लगातार बीजेपी पर हमलावर हैं। वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के खिलाफ अल्पसंख्यकों के मुस्लिम संगठन भी विरोध कर रहे हैं। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने केन्द्र सरकार से वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को वापस



लेने की मांग की है। वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को अल्पसंख्यक बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने अपनी बात को आगे जारी रखते हुए कहा कि जिस तरह केन्द्रीय कृषि बिल संशोधन को केन्द्र सरकार ने वापस लिया था, ठीक वैसे ही वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को भी वापस लेना पड़ेगा। उन्होंने केन्द्र सरकार को चेताते हुए आन्दोलन करने की चेतावनी दी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय को साजिश के तहत बदनाम करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कभी एनआरसी के नाम पर संशोधन विधेयक है, अब वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पास कर अल्पसंख्यक समुदाय को बदनाम करने का काम किया जा रहा है। झारखण्ड में भी एनआरसी लागू करने के बात की जा रही है, लेकिन प्रदेश में ये सपना बीजेपी का कभी साकार नहीं होने वाला है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बीजेपी को अल्पसंख्यक वोट नहीं करता है, वही अल्पसंख्यक समाज भी बीजेपी के पास कुछ मांगने के लिए हाथ नहीं फैलाता है।

# झारखंड में 2 दिनों तक वज्रपात के साथ बरसेंगे बादल, सुहावने मौसम से लोगों को गर्मी से मिलेगी राहत

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



झारखंड के मौसम में बदलाव लगातार जारी है। राज्य में कभी बारिश तो कभी तेज धूप देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले 2 दिनों तक आंधी, वज्रपात और हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक आज और कल कई जिलों में बारिश, वज्रपात और तेज हवा चलेगी। 10 अप्रैल से फिर आसमान साफ होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक आज गिरिडीह, देवघर, धनबाद, जामताड़ा, गोड्डा, दुमका, पाकुड़ और साहिबगंज में तेज हवा के साथ वज्रपात की आशंका है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की भी आशंका जताई गई है। कल गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला और पश्चिमी सिंहभूम में हल्की बारिश और तेज हवा चलने की संभावना है। इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

बीते रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 36.2 व न्यूनतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 40.3 व न्यूनतम तापमान 24.4, डालटनगंज का अधिकतम तापमान 40.8 व न्यूनतम तापमान 20.1, बोकारो का अधिकतम तापमान 40.5 व न्यूनतम तापमान 21.5 दर्ज किया गया। चाईबासा का अधिकतम तापमान 38.8 व न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# भाजपा के धनबाद इकाई ने मनाया 46वें स्थापना दिवस, विधायक ने निकाला बाइक जुलूस, जताया आभार



**एनपीटी ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), धनबाद विधायक राज सिन्हा के नेतृत्व में सोमवार को बाइक जुलूस अपने विधानसभा क्षेत्र में किया।बाइक जुलूस में भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। पार्टी झंडा लेकर पूरे विधानसभा का विधायक और कार्यकर्ताओं ने भ्रमण किया भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर ने 6 अप्रैल को 46 वें भाजपा स्थापना दिवस के तहत 12 अप्रैल तक चलने वाली विभिन्न कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन 6 अप्रैल भाजपा जिला कार्यालय में धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया था। वही सोमवार को बाइक जुलूस भी निकाला। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि 6 अप्रैल भाजपा का स्थापना दिवस है। इसे लेकर 6 दिवसीय कार्यक्रम तय किया गया है स्थापना दिवस के दूसरे दिन बाइक जुलूस निकाला गया। जो पूरे विधानसभा का भ्रमण करते हुए सभी जनता का आभार जताया है। आज जनता के वोट से केन्द्र में तीसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनी है। वही सबसे बड़ी पार्टी के लिये आम लोग पार्टी की सदस्यता भी लिया है। भाजपा सभी के साथ विश्वास सहयोग से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।

# विधायक निशात आलम ने की बैठक, दिया निर्देश, दी बधाई

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड प्रदेश प्रभारी के राजू के द्वारा कांग्रेस पार्टी के सभी विधायकों को दो-दो जिला की जिम्मेदारी दी गई है। तदनुरूप पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निशात आलम को भी पाकुड़ एवं साहिबगंज जिले का प्रभार दिया गया है। वही पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में कांग्रेस के वरीय पदाधिकारीगणों समेत कार्यकर्ता ओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। वही बैठक के बतौर मुख्यातिथि निशात आलम भी शामिल हुए। वही विधायक का निशात आलम ने मीडिया को बताया कि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने सभी विधायकों को दो-दो जिला का प्रभार सौंपा गया है, मुझे भी पाकुड़ एवं साहिबगंज जिला का प्रभार दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभार वाले जिला में प्रतिमाह जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में



भाग लेना है और कांग्रेस पार्टी के संगठन को ग्रासरूट तक ले जाने के लिए जिला अध्यक्ष एवं जिला कमेटी को सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श कर संगठन को आगे ले जाने में आ रही उनकी एवं उनके सहयोगियों के समस्याओं के समाधान का प्रयास करना है, इसी क्रम में आज पाकुड़ में पहली बैठक की गई है। उन्होंने कहा कि पाकुड़ के सभी 6 प्रखण्ड के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं वरीय कांग्रेस जन एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक में विशेष कर कांग्रेस पार्टी को ग्राम पंचायत/ वार्ड स्तर से जिला स्तर तक संगठन की मजबूती प्रदान करने पर सार्थक चर्चा हुई। वही विधायक निशात आलम ने बिलाल शेख को झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस कमिटी में पाकुड़ जिलाध्यक्ष मनोनीत करने पर बधाई दी एवं इमानदारी से अपना दायित्व का निर्वहन करने हेतु अपील की। बैठक में जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, पूर्व जिलाध्यक्ष उदयय लखमणी, प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, सोशल मीडिया प्रभारी पियारुल इस्लाम,सेमिनूल इसलाम, गुलाल अहमद, शाहीन परवेज अन्य समेत काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता समेत वरीय पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# लोग जोड़े गड्ढ़ा कोड़े महाअभियान का डीसी - डीडीसी ने लिया जायजा

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ जिले में बागवानी की योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर ह्यलोग जोड़े गड्ढ़ा कोड़ेह्न महाअभियान चलाया जा रहा। इस महाअभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया द्वारा पाकुड़ प्रखण्ड के कालीदासपुर पंचायत के धरसुरी ग्राम में योजना के क्रियान्वयन का देर शाम निरीक्षण किया गया। उपायुक्त व उप विकास आयुक्त ने गड्ढा कोड़े का मापी कराया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। गौरतलब है कि पाकुड़ जिला में 1200 एकड़ से अधिक में अबतक बागवानी की योजनाएं ली गयी हैं। मौके पर उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि शत- प्रतिशत गड्ढा खुदाई का कार्य पूरा कर लिया जाना है। ताकि ससमय पौधरोपण किया जा सके। उन्होंने बागवानी की योजना को लेकर कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध करने तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से भी बागवानी की योजना काफी अहम है, जिला प्रशासन इसके सफल क्रियान्वयन तथा पौधों के उचित रख-रखाव को लेकर कृत संकल्पित है। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अल्फ्रेड मुर्मू, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, बीपीओ अजित टुडु एवं एई शयामदत शुक्ला मौजूद थे।

# बड़दाहा ग्राम में लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर, 76 ग्रामीणों का हुआ जांच



**एनपीटी ब्यूरो,**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते सोमवार को अमड़ापाड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत पचुवाड़ा स्वास्थ्य उपकेन्द्र के बड़दाहा ग्राम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 76 ग्रामीणों का जांच किया गया। जिसमें 8 लोग बुखार से ग्रसित पाये गये, 4 टीबी के संभावित मरीज मिले,1 कुष्ठ ग्रसित रोगी मिले, 4 सम्भावित कालाजार के रोगी मिले, जिन्हें फॉलोअप में रखा गया। 1 मरीज संभावित पीकेडील के रोगी मिले, जिनका जांच डीएमओ डॉ अमित कुमार के द्वारा किया गया। शिविर में सिविल सर्जन, जिला भीवीडी पदाधिकारी , प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमड़ापाड़ा, कालाजार, नोडल पदाधिकारी, अमड़ापाड़ा, राज्य के प्रतिनिधि के रूप में राज्य कालाजार सलाहकार, जिला भीबीडी सलाहाकार देवघर एवं जिला प्रतिनिधि डब्लूएचओ और पीरामल उपस्थित रहे।

# हिरणपुर के 84 आंगनबाड़ी सेविकाओं को दी गई स्मार्टफोन



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते सोमवार को घाघरजानी स्थित हिरणपुर प्रखण्ड सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को रिपोर्ट ऑनलाइन करने के लिए स्मार्टफोन दिया गया। पोषण ट्रेकर और समर अभियान एप पर कार्य करने हेतु प्रखण्ड के 84 आंगनबाड़ी सेविकाओं को सीडीपीओ सह- प्रखण्ड विकास पदाधिकारी टुडु दिलीप के द्वारा सैमसंग गैलेक्सी ए06 स्मार्टफोन दिया गया। सीडीपीओ टुडु के द्वारा सेविकाओं से टीएचआर एवं एप के माध्यम से सभी प्रतिवेदन ऑनलाइन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ महिला पर्यवेक्षिका टुसु मुनी मुर्मू, बबली शर्मा एवं निर्मला टुडु उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की वर्चुअल बैठक, दिया निर्देश

पाकुड़ (झा०खं०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रोजेक्ट समावेश के तहत सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि प्रोजेक्ट समावेश के तहत डाले गये सभी आवेदनों को जल्द से जल्द एंट्री करने एवं नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया गया। कहा कि जो बीएलओ कम फार्म उपलब्ध करा रहे हैं, वैसे बीएलओ के साथ समीक्षा करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया।

# कुमारडूबी स्थित त्रिपति फैक्ट्री में कार्य के दौरान मजदूर की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**एनपीटी ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), धनबाद जिले के निरसा प्रखण्ड अन्तर्गत कुमारधुबी ओपी क्षेत्र स्थित पंचमोहली पंचायत के बरडंगाल त्रिपति बालाजी फैक्ट्री में कार्य के दौरान करंट लगने से मजदूर ललन भूंइया की मौत मौके पर ही हो गई। घटना के बाद आनन फानन में मजदूरों ने स्थानीय अस्पताल में ललन भूंइया को भर्ती किया। जहां डॉक्टरों ने जांच कर मजदूर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सुचना मिलते ही कुमारधुबी पुलिस अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन में जुट गये। घटना के सम्बन्ध में मृतक के पिता जूनकुंदर निवासी कुलेजन भूइंया ने बताया कि बेटा रोजाना की तरह सुबह काम करने फैक्ट्री गया था। जहां से उन्हें कुछ देर पूर्व सुचना मिली कि वह बीमार है। जहां उसका इलाज चल रहा है। आने पर पता चला कि उसकी मौत हो गई है। मृतक मेरा बड़ा बेटा है। इसके अलावे एक छोटा बेटा तथा दो बेटी है। घटना के संबंध में एक अन्य मजदूर ने बताया कि सुबह वह काम करने के लिए फैक्ट्री आया था। मिट्टी पिसाई करने के लिए, जैसे ही वह लोहे की सीढ़ी पर चढ़ा, उसे करंट लग गया। सीढ़ी के पास से एक तार गया हुआ था जो कटा रहने के कारण सीढ़ी में सट गया और पूरे सीढ़ी में करंट आ गया, जिसके कारण घटना घटी है, परिजनों का रो-

# चलती बाइक से महिला का बैग छिनने की कोशिश, संतुलन खोने से पति-पत्नी सड़क पर गिरे, हुए घायल

**एनपीटी ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), धनबाद में बाइकर गिरोह के द्वारा छिनतई की घटना लगातार घट रही है। इस दौरान कई कई बाईक से गिरने के कारण घायल तक हो जा रहे है। ताजा घटना धनबाद जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र के सिंदूरपुर स्थित रानी सती हार्ड कॉक भट्ठा के समीप चलती बाइक से अपराधियों ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया। जिसमें बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गये। पीड़ित मनोज पांडेय अपनी पत्नी कल्पना पांडेय के साथ बाइक से सिंदूरपुर से सिंदरी क्वार्टर की ओर जा रहे थे, तभी बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने कल्पना पांडेय से बैग छीन लिया। छिनतई के दौरान संतुलन बिगड़ने से मनोज पांडेय और उनकी पत्नी सड़क पर गिर गये, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। खासकर कल्पना पांडेय के सिर पर गहरी चोट लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बलियापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से धनबाद रठटटउल अस्पताल रेफर कर दिया। वही बैग में रखा मोबाइल फोन और कुछ नकद रुपये लेकर आरोपी फरार हो गये। घटना की सूचना बलियापुर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद आक्रोश देखा गया है और उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

# सदर अस्पताल सोनाजोड़ी में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झालसा रांची के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया, सिविल सर्जन डॉ मंटु कुमार टेकरीवाल, डॉ मनीष कुमार के उपस्थिति में पाकुड़ सदर अस्पताल सोनाजोड़ी में विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम मनाया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सिविल सर्जन डॉ मंटु कुमार टेकरीवाल ने उपस्थित लोगों को बताया कि वर्ष 1948 से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है, इस कार्यक्रम के उद्देश्य यह है कि लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। सभी बीमारी की जड़ गंदगी है, नाले का गंदे पानी जैसे जगहों पर मच्छर पनपते हैं और इससे कई प्रकार के बीमारी लोगों को अपने चपेट में ले लेता है। इसलिए आस पास साफ-सुथरा रखे, और खुद को साफ रखे, ताजा खाना का सेवन करे, समय-समय पर शरीर का स्वास्थ्य जांच कराए। ठेले का सामान खाने से बचे, रोजाना कुछ समय निकालकर व्यायाम करे, समेत कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। वही सचिव अजय कुमार गुड़िया ने बताया कि जब हम खुद को स्वस्थ रखते हैं, तभी हम एक स्वस्थ समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। समय- समय पर अपना स्वास्थ्य जांच अवश्य कराए। स्वच्छता का पालन करें। और बीमार होने पर चिकित्सक के पास जाय न कि झाड़ फूंक के पास। सरकारी अस्पतालों में कई प्रकार के सुविधाएं हैं । अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखे, समेत कई महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। डॉ मनीष कुमार ने बताया कि इस बार थीम 'स्वस्थ शुरूआत, आशाजनक भविष्य' रखी गई है। यह मुख्य रूप से मां और नवजात बच्चों की सेहत और सुरक्षा पर ध्यान देता है। कोई भी बीमारी का शुरूआत में यदि ध्यान देकर उपचार करा लेते हैं तो आगे चलकर बीमारीयों से अपने आप को बचा सकते हैं। इस कार्यक्रम का मकसद खुद स्वास्थ्य रहे और दूसरों को भी स्वास्थ्य रखने हेतु जागरूक करें। आज जागरूकता और नियमित टीकाकरण से कई बीमारी आज खत्म हो गया है, पल्स पोलियों इसका एक उदाहरण है। इसलिए बच्चों को नियमित टीकाकरण कराए और स्वास्थ्य शुरूआत और आशाजनक भविष्य के इस थीम को सफल बनाये। मौके पर पीएलवी कमला राय गांगुली, उत्पल मंडल, नीरज कुमार राउत समेत अस्पताल कर्मी , दूर- दराज से आये लोग मौजूद रहे।

# सड़क पर गिरी महिला को पुलिसकर्मी ने कराया अस्पताल में भर्ती

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद : सोमवार करीब सुबह दस बजे थाना शालीमार गार्डन में तैनात हेड कांस्टेबल अजय कुमार घर से ड्यूटी के लिए जा रहे थे। ड्यूटी जाते समय अजय कुमार के आगे एक महिला अपनी स्कूटी से जा रही थी। अजय कुमार ने बताया कि महिला की स्कूटी का पिछला पहिया सड़क पर चलते समय निकल गया जिससे महिला गिर गयी और उसे गंभीर चोटें आई । महिला के नाक और कान से खून बहने लगा और वो बेहोश हो गयी। हेड



कांस्टेबल अजय कुमार ने अपनी बाइक साइड लगा कर महिला की मदद के लिए आगे आये और उन्होंने एक निजी टैक्सी कर महिला को संतोष अस्पताल गोविन्दपुरम में भर्ती कराया। जिसके बाद महिला के पर्स से उनके परिवारजनों का मोबाइल नंबर निकाल कर परिवारजनों को इसकी सुचना दी। महिला की पहचान 50 वर्षीय एनिमा पेट्रिक के रूप में हुई। महिला साहिबाबाद की एक निजी कम्पनी में कार्यरत है। घायल महिला की हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है। लेकिन पुलिसकर्मी का सहयोग अतुल्य है।

# जुनावई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पैदल मार्च

संभल / जुनावई संभल जनपद के विकास खंड जुनावई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जुनावई खंड के स्वयंसेवकों ने आरएसएस की यूनिफॉर्म में पथ संचलन निकाला। जिसमें सभी स्वयंसेवक काले जूते, खाकी पेंट, सफेद शर्ट, सिर पर टोपी और कंधे पर लाठी लिए कदम से कदम मिलाकर चलते दिखे। पथ-संचलन लोकेश शर्मा जी की श्याम वाटिका से प्रारंभ होकर पैंठ बाजार, जुनावई चौराहा से निकलते हुए, थाना के सामने से चलकर श्याम वाटिका में आकर सम्पन्न हुआ। नगर के लोगों ने जगह जगह पुष्प-वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। पथ संचलन से पहले सभी स्वयंसेवक श्याम वाटिका में एकत्र हुए जहाँ हिंदू नववर्ष के कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहां मुख्य वक्ता रहे विभाग प्रचार प्रमुख अरुणकांत ने कहा कि संघ हिंदू समाज के संरक्षण, सामाजिक एकता तथा हिंदू समाज में देशभक्ति जगाने



का काम करता है। इस कार्यक्रम का संचालन जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख हरिगोविंद सिंह ने किया हिंदू नववर्ष उत्सव के कार्यक्रम एवं पथ-संचलन में आरएसएस के जिला प्रचारक दीपक कुमार, जिला कार्य वाहक डॉ. राजकुमार वैदिक, जिला संघ संचालक अनिल शास्त्री, जिला बौद्धिक प्रमुख सतीश शर्मा, जिला व्यवस्था प्रमुख नवीन कुमार, जिला संपर्क प्रमुख जगदीप, जिला सेवा प्रमुख परमात्मा, विभाग सेवा प्रमुख मित्रपाल, जुनावई खंड कार्यवाहक हरिओम, संघचालक रामौतार शर्मा, खंड व्यवस्था प्रमुख लोकेश शर्मा, शारीरिक प्रमुख मनोज कुमार, बौद्धिक प्रमुख दिनेश, खंड प्रचार प्रमुख दिनेश कुमार शर्मा सुनील, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिव्यप्रकाश और बीरेश यादव आदि स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय गौरव सम्मान से नवाजे गए वरिष्ठ पत्रकार अजय चौधरी

## -नई दिल्ली में शिक्षा एवं पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

नई दिल्ली। राजधानी स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में वर्तमान युग मीडिया हाउस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद् श्री अजय चौधरी को राष्ट्रीय गौरव सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




समारोह में देश के विभिन्न कोनों से आए 50 से अधिक विशिष्ट व्यक्तियों को समाज, शिक्षा, स्वास्थ्य, पत्रकारिता, पर्यावरण, एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विविध क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया।

एमआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के मीडिया हेड, उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश सचिव एवं उपज पत्रकार संगठन मेरठ के अध्यक्ष श्री अजय चौधरी को शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके निरंतर एवं समर्पित योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। पिछले 15 वर्षों से श्री चौधरी पत्रकारिता के माध्यम से जनहित के मुद्दों को उठाते आ रहे हैं और शिक्षा जगत में भी सकारात्मक पहल कर युवाओं को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

इस सम्मान समारोह में फिल्म सिटी नोएडा के संस्थापक डॉ. संदीप मारवा, आध्यात्मिक गुरु स्वामी दीपांकर, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के राष्ट्रीय सचिव स्वामी नरेंद्रानंद, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत पदाधिकारी स्वामी दयालुजी महाराज, पश्चिम बंगाल से सांसद जगन्नाथ सरकार, उत्तराखंड के पूर्व राज्य मंत्री राम कुमार वालिया तथा पत्रिका के संपादक विशाल कौशिक सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

अजय चौधरी को यह सम्मान प्राप्त होने पर पत्रकारिता जगत, शिक्षा क्षेत्र एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उनके इस उपलब्धि से मेरठ एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश के पत्रकारों में हर्ष और गर्व की लहर है।

# सेठ आनंदराम जय पुरिया स्कूल का प्रशासन के आदेशों को मानने से इंकार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

वसुंधरा। बच्चों की फीस को लेकर अभिभावकों और स्कूल का विवाद थमता दिखाई नहीं दे रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश पर प्रिंसिपल का कहना है कि जब तक फीस जमा नहीं होगी तब तक बच्चों को प्रवेश नहीं मिलेगा। अभिभावकों का कहना है कि आगे भी वह बच्चों को लेकर स्कूल गेट पर जाएंगे।

# नगर निगम की लापरवाही से खुले नाले में गाय गिरी



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

कौशांबी, गाजियाबाद। नगर निगम की लापरवाही से जगह जगह खुले नालों में रोज कोई न कोई गिरता रहता है। आज रेडिसन ब्लू होटल कौशांबी के सामने नाले में एक गाय गिर गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों द्वारा सहयोग से गाय को सुरक्षित निकाल दिया गया।

# क्रय केंद्र के गोदाम में लगी आग, खरीद की फाइलें और रिकार्ड जलकर हुए स्वाहा

नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो

मुरादाबाद। मंडी समिति में खाद्य विभाग के गेहूं क्रय केंद्र के गोदाम में भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग की विकरालता को देखते हुए अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई

**गेहूं क्रय केंद्र के गोदाम में लगी आग, खरीद की फाइलें और रिकार्ड जलकर हुए स्वाहा**



मझोला स्थित मंडी समिति परिसर में खाद्य विभाग के गेहूं खरीद क्रय केंद्र गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगने से गेहूं और उसके खरीद की फाइलें जलकर राख हो गई हैं। सूचना पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा मौके पर पहुंची और इसकी जानकारी ली। आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चल सका है।

**जिला खाद्य विपणन अधिकारी बताई आग की वजह**

मंडी समिति में खाद्य विभाग के गेहूं क्रय केंद्र के गोदाम में भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग की विकरालता को देखते हुए अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई, जिस पर अग्निशमन दल की गाड़ियां मौके पर पहुंची है। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा रहा है, जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि आग शार्ट सर्किट या किस वजह से लगी, इसकी जानकारी अभी नहीं है।

**गेहूं चोरी का शक गहराया**

आग लगने की एक वजह यह चर्चा में है। कुछ लोगों ने गेहूं को वहां से दूसरे जगह शिफ्ट करवा दिया है। इसके बाद अचानक आग लग गई। सारे रिकार्ड जलकर राख हो गए। अग्निशमन विभाग अभी नुकसान का आंकलन कर रहा है।

# विजय नगर वार्ड संख्या 03 में पार्षदा सारिका राणा की निगरानी में मच्छरों से बचाव के लिए कीटनाशक का छिड़काव किया गया।

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

मोदीनगर। वार्ड संख्या 03 की पार्षदा सारिका राणा ने अपने वार्ड को स्वच्छ व सुरक्षित बनाने की ओर कदम बढ़ा रखे हैं जिसके क्रम में विजयनगर वह हनुमान पुरी में मच्छरों के प्रकोप से क्षेत्र की जनता को बचाने के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव व धुंआ गाड़ी को चलाया गया। पार्षदा ने बताया कि हमारे वार्ड में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली व अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र के निर्देशन में संचारी रोग रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। आशा है इस प्रयास में क्षेत्र की जनता का भी भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे क्षेत्र वासियों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाया जा सके। आने वाले दिनों में भी इसी तरह के कार्यक्रम निरंतर चलाए जाते रहेंगे।



# बिना पंजीकरण के हो रहा ई-रिक्शा का संचालन, 19 वाहन सीज

हापुड़ । शहर में बिना पंजीकरण तक ई-रिक्शा का संचालन हो रहा है। ऐसे 20 से अधिक मामले पिछले सात दिन से जारी अभियान में सामने आए हैं। सोमवार को भी नियमों के विरुद्ध संचालन पर 19 वाहनों को सीज किया गया। जबकि, 37 वाहनों के चालान काटे गए।

शहर को जाम से मुक्ति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। पिछले सात दिन से लगातार अभियान चल रहा है। अब तक करीब 200 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई हुई है। सोमवार को भी अपंजीकृत,बिना नंबर प्लेट, बकाया टैक्स, फिटनेस समाप्त , नाबालिग द्वारा ई-रिक्शा/ऑटो एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने तहसील चौपला, मेरठ रोड तिराहा पर संयुक्त रूप से अभियान चलाया। इस दौरान 37 वाहनों के चालान काटे गए। जबकि, 19 वाहनों को सीज कर टीपी नगर में निरुद्ध किया गया। अभियान के दौरान एआरटीओ प्रवर्तन रमेश चौबे, पीटीओ आशुतोष उपाध्याय,यातायात निरीक्षक छवि राम मौजूद रहे। टीम ने कई ऐसे ई-रिक्शा भी पकड़े हैं, जो यात्रियों की जगह व्यावसायिक माल की ढुलाई कर रहे थे।

# मुनव्वर राणा की बेटी सुमैया राणा को नोटिस, 10 लाख का मुचलका भरने का आदेश

लखनऊ।वक्फ बिल को लेकर घमासान मचा हुआ,ये घमासान खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।वक्फ बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पास हो चुका है,इसको राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल चुकी है।वक्फ बिल खिलाफ अब 10 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दायर हो चुकी हैं,इसके बाद भी विरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा है।यूपी में विरोध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला भी जारी है।मुजफ्फरनगर में 300 प्रदर्शनकारियों को 2-2 लाख का बांड भरने का आदेश कोर्ट ने दिया है। लखनऊ में मुनव्वर राणा की बेटी सुमैया राणा को पुलिस ने? नोटिस जारी किया गया है।नोटिस में लिखा हुआ है कि सुमैया राणा की तरफ से शांति भंग की पूर्ण संभावना बनी हुई है।नोटिस में कहा गया है



कि क्यों ना शांति बनाए रखने के लिए उनसे 10 लाख के निजी बॉन्ड और 10-10 लाख की दो जमानत ली जाए।बता दें कि सुमैया राणा वक्फ बिल का विरोध कर रही हैं,सुमैया को ये नोटिस पुलिस की तरफ से व्हाट्सएप पर भेजा गया है।पुलिस की तरफ से भेजे गए नोटिस में 10 लाख के मुचलके की बात कही गई है।इस मुचलके के खिलाफ सुमैया राणा कोर्ट जाने की तैयार

# एमआईईटी मेरठ में 'प्रोजेक्ट एक्सपो - टेक्नोवेट 2025' का भव्य आयोजन, छात्रों की नवाचार क्षमता को मिली सराहना

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मेरठ। मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में 'प्रोजेक्ट एक्सपो झ टेक्नोवेट 2025' का आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बीटेक के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने तकनीकी वर्किंग और नॉन-वर्किंग मॉडल्स का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, कैंपस डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार सिंह एवं वरिष्ठ संकाय सदस्यों डॉ. संजीव सिंह, डॉ. विकास श्रीवास्तव, डॉ. रामबीर सिंह, डॉ. अविनाश सिंह, डॉ. स्वाति शर्मा, श्री रोहित अग्रवाल, श्रीमती शिवानी ७रोहिल्ला एवं श्री अविनाश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

एक्सपो में कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, सिविल, इलेक्ट्रिकल एवं बायोटेक्नोलॉजी विभागों के छात्रों ने अपने नवीनतम



प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसरो के पूर्व समूह निदेशक एसी माथुर एवं विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, इसरो के पूर्व एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. शरद चंद्र शर्मा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स का अवलोकन कर उनकी रचनात्मकता की सराहना की।

प्रस्तुत प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन नवाचार, व्यावहारिकता एवं सामाजिक प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर किया गया। समापन समारोह में समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ तीन प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ प्रत्येक विभाग के शीर्ष तीन प्रोजेक्ट्स को पुरस्कृत किया गया।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की टीम अंश वर्मा, आयुष कुमार, अक्षित कौशिक एवं स्पर्श सिरोही ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 'चेयरमैन अवार्ड' प्राप्त किया। आईटी विभाग की टीम प्रखर, अमरेन्द्र एवं पलक द्वितीय स्थान पर रही, जिन्हें 'वाइस चेयरमैन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। बायोटेक्नोलॉजी विभाग के अनुज कुमार एवं ऋतिका गुप्ता ने तृतीय स्थान हासिल कर 'कैंपस डायरेक्टर अवार्ड' प्राप्त किया।

'प्रोजेक्ट एक्सपो झ टेक्नोवेट 2025' न केवल छात्रों के नवाचार कौशल को प्रोत्साहित करता है, बल्कि यह एमआईईटी की तकनीकी उत्कृष्टता और भविष्य उन्मुख दृष्टिकोण का प्रतीक भी है। यह आयोजन विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में नित नई ऊँचाइयों को छूने हेतु प्रेरित करता है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी- प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com नोट:- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।